यह भी गवर्नमैंट आफ इंडिया का बनाया हुआ एक जोन है, उस पर काफी मात्रा में पैसा लगाना चाहिये । इस जोन के डैवलप होने से हमको काफी फारेन एक्सचेंज मिलेगा । आज तक भी कांडला फ्री ट्रेड जोन में एप्राइजर एप्वांयइन्ट नहीं हुआ है, जबकि वहां नई पोस्ट क्रिएट नहीं करनी है । इसकी वजह से बाहर से जो व्यापारी बिजनेस करने के लिये आते हैं, उनको बड़ी तकलीफ होती है । जो वहां वेस्ट मैटीरियल होता है, उसके लिये कोई रूल फेम नहीं किया है । आज भी वहां पर वेस्ट मैटीरियल का गंज लगा पड़ा है । उसके लिये सोचना चाहिये कि क्या करना है । इस ओर मैंने मन्त्री महोदय का ध्यान पत्र लिख कर भी खींचा है, उन्होंने [illegible] भी दिया है कि हम इस पर सोच रहे हैं । मेरी प्रार्थना है कि यह जो तकलीफ इस फ्री ट्रेड जोन को हो रही है इस बारे में सोचा जाये और जो 1 लाख रुपये की थोड़ी सी राशि इसके डैवलपमैंट और कंस्ट्रक्शन के लिये आपने रखी है, अगर बड़ी मात्रा में यहां पैसा लगायें तो इस फ्री ट्रेड जोन का डैवलपमैंट होगा और बहुत बड़ी मात्रा में हमको फारेन एक्सचेंज प्राप्त होगा । कमेटी आन पिटीशन्ज ने भी अपनी रिपोर्ट में इस जोन की दिक्कत के बारे में लिखा है, मैं मन्त्री जी का ध्यान उसकी ओर भी खींचना चाहता हूं ।

अन्त में मैं आशा करता हूं कि मन्त्री महोदय यहां की दिक्कतों को दूर करेंगे और इसके साथ ही उन्होंने जो यहां डिमाण्डज रखी हैं, उनको सपोर्ट करता हूं ।

SHRI ANNASAHEB P. SHINDE (Ahmednagar) : I shall be dealing with the subject of co-operation. But before I go to that I would just like to make one or two observations regarding some other subjects of Ministry of Commerce.

In regard to exports my own feeling is that we should be prepared to export at the cost of national sacrifice. That should be our basic approach. Ultimately, even the price stability depends upon the stability of our rupee currency. Take for instance the experience of Japan or the experience of Germany. Or take Germany's experience. Look at Yen/or D.M. of Germany. They are strong currencies. They have very vast foreign exchange reserves with them. Substantial part of their production goes to meet the international markets. There should be an educative approach in the whole matter. This is what I would like to stress. Our valued colleague, Smt. Ahilya Rangnekar asked why rice was exported. I quite see the point. Even in the past rice in general was not exported but only one variety. Basmati rice was exported. This was consumed by less than 1% of our people, having very high income. If you look at the export pattern of China, they discouraged deliberately the local consumption of superior varieties of food. For this purpose they promoted export of rice. They imported large quantities of wheat. They exported superior varieties of rice and also processed fruits. This is the approach of countries which do such things in order to look to their basic national interests. To strengthen national economy people should be prepared to make sacrifices.

Now I come to the subject of export of oilcakes and on this point, I would request the hon. Minister to give up earning foreign exchange from oilcakes. On the one side the Prime Minister wants to encourage and develop the dairy industry. Dairy industry and animal husbandry can be encouraged only if cattle feed and concentrates are available in the country and the farmers get them at reasonable prices. At one time when foreign exchange reserves were very low, one could understand arguments in favour of export of oilcakes. But now the situation has changed. Our foreign exchange reserves are at a satisfactory level. Our export performance is much better now. Trade gap was quite wide in the past. Then there were some large imports of foodgrains and fertilisers. Today we are not importing them. As far as fertiliser production is concerned, we should see that the production increases by utilising Bombay High and Basin gas which would be the chief raw material for the manufacture of fertilizer.

Regarding the fodder resources in the country, many committees have gone into this subject and they have pointed out the need for developing our dairy and animal husbandry. They have stressed

the need of cattle-feed and poultry-feed being made available to the farmers at reasonable prices. Rs. 150 crores worth of oilcake was exported to foreign countries. We have seen this position during the last 3 years or 4 years and particularly so during the last 6 months. Cattle feed prices have gone up by 200 or 300 per cent. What I wish to submit is this. To talk of dairy development and also continue export of oilcake is a contradiction in itself. Dairy industry and poultry industry are such industries which are basically labour-intensive. They give employment to vast numbers of people. Large employment possibilities are there

In view of these reasons I would request the hon. Minister to stop the export of oilcake as early as possible. If you do it, this step will improve our economy, it will give more emoployment to our people. This is one of the important suggestions which I wish to make so fa as our export policy is concerned.

There is one more suggestion that I want to make. As is known to all of us, agricultural commodities play a very important role in earning foreign exchange for our country. Here there are certain complex situations that are developing.

I have read with interest some of the announcements made by the hon. Minister. For instance, he said that if prices of essential commodities go up, exports of these commodities would be stopped. I understand and appreciate his approach of the hon. Minister in this regard. But, ultimately, in the long run, we should not take an isolated approach. Take for example, tea, coffee, cardamom, pepper, tobacco etc, etc.

These are the items which earn a very sizeable amount of foreign exchange. Take for example Darjeeling in West Bengal. This is a place where the agro-climatic condition are such that we can produce he best type of tea. But our tea estates or plantations in that part of the country are not in a good shape. Unless of course we take steps side by side to improve the production of tea or coffee, we will not be in a position to have a proper correlation and coordination between exports and domestic consumption. As far as domestic consumption is concerned, a realistic assessment requires to be made. Let us see what is the present demand in our international market. Let us work out the foreign exchange that we are likely to earn. We should then work out our production programme on this basis. I can say that with a certain sense of responsibility that, in this country, agriculture affords us a far more scope and big scope for earning foreign exchange.

We should not discourage that. That is possible only if we are also in a position to meet our own domestic requirements. Intensive agriculture will give a lot of employment to our people. *Ad hoc* decision should not be taken in regard to exports of onions, potato, vegetables etc. etc. They are labour-intensive and so, I say that *ad hoc* decision should not be taken in regard to their exports. If you do that, what will happen is that our production will get discouraged. Production in this country is getting an impetus only because of the increasing contributions made by our farmers. Exports are possible because our production is getting the necessary impetus. We should also have adequate storage to store these commodities so that, in the lean period, you may be in a position to meet the domestic requirements of this country. So, exports should not be stopped because ultimately, it is the farmers who will suffer most. You will not be in a position to control the price. With these few observations, I now come to the subject of cooperation.

One of our valued colleagues, Shri Brahm Perkash just now spoke. He was interested more in this subject. No doubt he is a seasoned person and he has spent major part of his life in cooperation. I may also tell him that same is the case with me as well. I had the fortune and privilege of working in the rural areas building up the cooperatives right from village cooperatives to marketing societies and processing societies. I spent a major part of my life in building up the village cooperatives. Because of that, naturally I have gained some experience of field problems.

14.53 hrs.

[SHRI D. N. TIWARY *in the Chair*].

I am not prepared to take a very discouraging view of these things. Shri Brahm Perkash said that he knew much more about the cooperative sectors. I am also aware of the very major drawbacks and weaknesses of our cooperative movement. I realise that poverty is still rampant in this country. Millions of our people are poor. Naturally, the cooperatives alone can serve them better. There is no other way. Shri Brahm Perkash perhaps has over-simplified this matter by saying that because of the political intervention, cooperatives have

[Shri Annasaheb P. Shinde]

not developed well in this country. I can tell him—he should know that—that political intervention is not the main reason. If that is taken as an argument, then he would only be oversimplifying the matter. Take the case of Gujarat from which our Prime Minister comes. Cooperatives are doing well in Gujarat. Even in Maharashtra, they are coming up. Punjab also is doing well so far as cooperatives are concerned.

We have to go deep into the matter. Oversimplification of a thing will not help anyone at all. The major and foremost hurdle in the development of cooperative movement in this country has been our cast ridden society. Our society is sharply divided—one section of our society shows distrust to the other section. The is a historical fact whether we like that or not. Cooperative movement did not come up in some parts of our country becasuse the zamindari system was prevailing so long in many areas. Otherswise, why is it that the cooperative movement has not come up in the whole of north-eastern region with all its fertile land, intelligent and good people. It is because of the zamindari system. Implementation of land reforms has a lot to do with the success of cooperative movement. Unless land reforms are implemented sincerely in the north eastern region and egalitarian land ownership is brought about, I do not think, even if government intervenes or does not intervent, it will help the cooperative movement.

15 hrs.

Fortunately, I had an occasion to discuss with eminent cooperators about the sociol gical reasons responsible for the failure of this movement. I was closely associated with Dr. Gadgil. He was an eminent cooperator. We came to the conclusion that if cooperative movement in this country has to be developed, then we will have to democratise our social structure and some democratisation has to be brought about in our economic structure also.

Mr. Chairman, Sir, now I will say a word about the uneven development of cooperative movement in this country. While all of us should realise that there are many weaknesses in the cooperative movement yet we should appreciate that cooperative movement has made some progress in this country.

Sir, in 1952, only Rs. 25 crores were being disbursed to the entire agricultural community through the cooperatives whereas today this credit has exceeded Rs. 1200 crores. Even the so-called nationalised banks and the private banks are not in a position to cover much area as has been done by the cooperatives. We should not lose confidence in cooperative movement. If we look at IFCO, we find that Rs. 98 crores have been invested in this cooperative enterprise of Gujarat. It is succeeding well. Similarly,there is a Rs. 165 crores naptha based plant at Phulpur also. It will also succeed. Now, you may look to cooperative marketing in Punjab. It has played a very important role in the purchase and sale of agricultural commodities and supply of inputs to farmers through the cooperatives. In the country agricultural commodities worth Rs. 1,500 crores are sold through the cooperative marketing societies. This is no mean achievement. The movement has been progressing but if we try to improve upon and bring about certain changes in it, I think, it will succeed further.

Now, a word about the official intervention in the cooperative movement. Government's intervention is too much and I can say no political party is free from this sin in India. All political parties are tempted to interfere in the cooperative movement. I would request all political parties—including my party—to let the cooperative movement develop without political intervention. If we intervene in the cooperative movement, then not only the cooperative movement willsuffer but also the economy of this country will suffer and as a result thereof the poor will suffer. I do not know whether my proposal will be acceptable or not but I would like to suggest that those who are active in cooperative movement at he tehsil, district or state level should resign from the cooperatives as soon as they become MLAs and MPs. Otherwise, I know from the experience how the politicians are tempted to use their positions in the co-operatives for political purposes and that damages the co-operative system. I know that many State Governments have not accepted the advice of the Central Ministry. They have been tempted to intervene in the affairs of the co-operatives because they want to bring their own party men in. For the co-operative membership, the principle of nomination should not be followed. It should entirely be a democratic election, democratic membership. But unfortunately the Government does not intervene where it should intervene and that is why the co-operaive movement has sufferad from a large number of cases of embezzlement and misappropriation. In such cases Government should intervene with a very heavy hand. My general experience is that Government is so reluctant that the entire system of auditing requires to be changed. Many times it is only a post-mortem. This year's accounts will be examined after one year

two years. That means, by the time it goes to the General Body, the concerned office leares may or may not be there or the matters may becouse state. We will have to establish mdependent statutory organisation like Auditor General's Office for the co-operative department and a system should be developed for quick audit. Now, the world technology has so much developed, computers work out the balance sheet within a short time. The co-operative year ends on 30th June. Immediately after one month it should be incumbent on the co-operative organisation to bring out its balance sheet. In the world, even in 24 hours the organisation operating at international level having branches in many countries, has been able to prepare its balance sheet within 24 hours with the help of computers. Why should it be argued that we cannot prepare our balance sheet within the specified time ? In any case, misappropriation is there. An independent authority should be asked to intervene in this and take strict action, whether he is a political person or a person occupying high position. Strict action should be taken against those who misappropriate the funds. After all it is public money which is involved in the co-operative movement.

There are two things. One thing is very clear that Government should not intervene in policy matters. That should be entirely the prerogative of the non-officials. So far as misappropriation of funds is concerned, the Government should come down with a very heavy hand.

Sir, I am sorry to note that this Ministry has not been bifurcated. I do not know why this position continues even now. At least now the Government should be in a position to rectify the position. Take the Co-operative credit. It does not come within the purview of Co-operative Department. It is a part of Agriculture Ministry. But the agricultural inputs are supplied by NAFED or other marketing organisations which are supposed to be looked after by Mr. Dharia. So far as the agricultural inputs are concerned, credit input supplies and marketing should be together. So far as the entire gamut of Co-operatives are concerned, it should be under the aegis of one Ministry. I wish the subjects of agricultural production and supply of agricultural inputs are brought together and put under one separate Ministry. So far as the co-operatives are concerned, there should be a separate Ministry for this purpose. I do not mean anything against Mr. Dharia. He can be the Minister of Co-operation. I wish that at least the co-operatives in this country should be given a status of an independent Ministry and an independent man should be put in charge of the Department of Co-operation. My experience has been that this Department of Co-operation gets lost with bigger and many other Departments. Now, Mr. Dharia has to look after Commerce and Civil Supplies. It is a vast subject. How can he attend to the subject of co-operation ? This has been happening in the past also. I wish Mr. Morarji Desai who understands problems of co-operation—because when I started my work in the field of co-operation in early 50s, Mr. Morarji Desai was at the helm of Maharashtra affairs and we had a lot of encouragement—to the co-operative movements—I wish he looks himself personally into this matter and examines my suggestion very carefully so that this subject could come under a separate Ministry. This would help solve poblems of millions of poor people in the rural areas as also the problems of people of the urban areas. In co-operative movement today the share capital is Rs. 1500 crores and the working capital is Rs. 9000 crores. There are now about three lakh co-operative organisations. There are so many lakhs of employees in the co-operative societies. It is not a small sector. It is a big sector. This movement should get due recognition.

THE MINISTER OF COMMERCE AND CIVIL SUPPLIES AND CO-OPERATION SHRI MOHAN DHARIA—I share your concern.

SHRI ANNASAHEB P. SHINDE : Then, Sir, there are two or three points. You ard aware that the N.C.D.C. is a very powerful organisation for promotion of co-operative development in this country. In this corporation you should bring in more non-officials; if necessary, you can amend the law. You should give more massive support both by way of grants and loans. The NGDC should be authorised to raise loans from the market for supporting viable economic schemes such as processing, etc.

CHAUDHURY BRAHM PERKASH: For the information of the hon.Member, that is also the suggestion of the Administrative Reforms Commission.

SHRI ANNASAHEB P. SHINDE : We welcome it. We should be clear what is the role of a cooperator, a non-official or politician and what is the role of paid officials. If somebody becomes the Chairman, he also thinks that he should carry out the work of the executive. There is need to develop professional management and the duties of

the executive should be defined, just as ministers' duties and secretaries' duties are clarly demarcated in the central government. Non-officials should lay down policy and the officials should implement it. My experience in Maharashtra and elsewhere is that non-officials are tempted to interfere in areas allocated to officials.

MR. CHAIRMAN : Do not ministers interfere with the work of secretaries?

SHRI ANNASAHEB P. SHINDE: They are not supposed to and we know what has happened in the country. I hope Dhariaji will accept my suggestion. You are a senior leader and you know that intervention comes when policies are not implemented; it should not come otherwise normally. There should be no interference in day to day affairs or functions entrusted to officials. You can remove the officers if you think they are not discharging their functions properly.

The support in the State budgets for co-operative movement is not adequate. At the end I should say that for multistate units there should be a law and I shall extend full support to that. At least they should make it a model law so that it may be an example in the country. Co-operation is a state subject and you can only lay down policies. But the Government of India can possibly influence and take the initiative in impressing the State governments so that more provisions are made in the State budgets for the development of the co-operative movement. In the Centre also adequate provisions should be made. My suggestions is that you should make a law governing multi-State units which will be ideal co-operative law and if you do so I think Brahm Perkashji will have no complaint as far as that subject is concerned.

I know that some problems present a lot of difficulties and I do not want to go into such cases. Our experience has been that state governments do not carry out the mandate of the centre. Take the case of Gujarat. Even when President's rule was there the general experience was that the Governor or even the advisers were not implementing what the Centre said. Now I hope our friend will be in a position to help us. I would suggest that no State Government should be allowed to intervene. If necessary, amend the Constitution but see that no illegal obstructions or restrictions are put by State Governments as far as the movement of commodities from one state to the other are concerned. Our general experience is that if there is a shortage of oil-seeds or oil the-surplus states give instructions unofficially. When we ask them officially, they say there are no instructions. They issue instructions to the Collector and District Magistrate "Do not allow movement of the oil seeds from this district." This is the way how they operate. I think in this matter Mr. Dharia will be in a position to find a solution. Otherwise he will not be able to control the price situation. We wish him all success as far as the stability of prices are concerned. We may have political quarrels. But if stability of prices is not there, the country will suffer. The people will suffer. So we should arrive at a consensus on this.

PROF. P. G. MAVALANKAR (Gandhinagar): If it was an illegal obstruction, how could it not be removed by the then Government ?

SHRI ANNASAHEB P. SHINDE : Under the Essential Commodities Act, the State Governments have no power without the concurrence of the Centre. But the centre is very clear—Mr. Dharia is very clear on this point—that the Gujarat Government should not put restrictions on the movement oil seeds. But despite that, the Gujarat Government continues to do that. That is my submission. I thank you very much for giving me this opportunity.

श्री युवराज (कटिहार) : वाणिज्य मन्त्री जी द्वारा प्रस्तुत अनुदान की मांगों का समर्थन करने के लिए मैं खड़ा हुआ हूं । जूट अठारह प्रतिशत इस देश की आबादी की एक मात्र नकदी फसल है । जूट भारत की निर्यात की प्रमुख परम्परागत वस्तुओं में से एक है और विदेशी मुद्रा अर्जित करने वाला सब से महत्वपूर्ण उद्योग है । लेकिन पिछले चार पांच वर्ष में जूट उद्योग में कितनी गिरावट आई है इसको आप देखें । 1974–75 में 31273 लाख रुपये का निर्यात होता था जो घट कर 1976–77 में 19625 लाख रुपये रह गया । इस प्रकार से जो वस्तु विदेशी मुद्रा अर्जित करने की एक मुख्य वस्तु थी उसके निर्यात में निरंतर ह्रास होता रहा । इससे बिहार

बंगाल समेत इन प्रदेशों के किसानों को वहां के खेतीहर मजदूरों को बहुत बड़ा नुकसान हुआ है।

इन्होंने जूट के विकास के लिए जूट कमिश्नर की नियुक्ति की है। 16-17 इसमें गजेटिड अफसर हैं और नान-गजेटिड अफसर भी बहुत अधिक हैं। 13 लाख 27 हजार रुपये प्रतिवर्ष इस पर खर्च होता है न केवल जूट कमिश्नर बल्कि भारतीय पटसन निगम जो 1971 में गठित हुआ था इसकी अधिकृत पूंजी पांच करोड़ थी और इस पूंजी से वह किसान का जूट खरीदा करता है। इस देश में लगभग नब्बे इनके केन्द्र हैं। जिन आठ जिलों में इंटेंसिव रूप से जूट की खरीद होती है, आपको जानकर ताज्जुब होगा कि जहां सरकार द्वारा तीन करोड़ शेयर पूंजी के रूप में और चार करोड़ रुपया ऋण के रूप में दिया गया है वहां यह निगम इतना निकम्मा साबित हुआ है कि रुपया लेने के बावजूद भी यह किसान का जूट खरीद नहीं कर पाता है और जो व्यक्तिगत रूप से लोग व्यवसाय करते हैं, जो सेठ हैं, जो उद्योगपति हैं और जो जूट का व्यापार करते हैं वे जहां 55 रुपये, चालीस किलो के दाम इस निगम की ओर से निर्धारित किए गए हैं वहां ये लोग 40–41 रुपये मन के हिसाब से जूट खरीद करते हैं। जब निगम के केन्द्र के पास किसान जूट लेकर जाते हैं तो उनका जूट नहीं लिया जाता है और ये सेठ लोग ले लेते हैं। करोड़ों बिल निगमों से और बैंकों से ऋण के रूप में ये व्यवसायी लोग लेकर जूट का सौदा करते हैं, जूट खरीद करते हैं। ये लोग पहले से ही किसान को 30-32 रुपये के हिसाब से एडवांस कर देते हैं और दो तीन महीने के बाद जब उनका जूट मार्किट में आता है तो उसको वे ले लिया करते हैं। किसानों की जरूरत पड़ती है रुपये की फसल कमाने के लिये, कपड़े के लिये, बाल बच्चों के परवरिश के लिये, और इन प्रदेशों में जहां 10 करोड़ की आबादी होगी वहां एकमात्र कैश क्रोप जूट ही है, उनके लिये यह निगम बिल्कुल निकम्मा साबित हुआ है, किसानों का जूट नहीं खरीद पाता है, और जो निर्धारित मूल्य है जूट का अगर उसी दाम पर लेता तो भी किसानों को कुछ हद तक लाभ ही हो सकता था।

आप देखेंगे कि इस जूट का सम्बन्ध किसानों से है और बंगाल से लेकर बिहार तक जूट मिलें हैं। मैंने निम्नतम मजदूरी विधेयक पर बोलते हुए बिहार की मुख्य मेसर्स आर० बी० एन० एम० जूट मिल कटिहार की तरफ सदन का ध्यान आकर्षित किया था। उस दिन दुर्भाग्य से श्री धारिया मौजूद नहीं इस सिल-सिले में मैंने दो, तीन बातें कही थीं, और जूट उद्योग बन्द होने से वहां के मजदूरों की जो दयनीय स्थिति है उसकी तरफ ध्यान दिलाया था। बिहार सरकार ने, इण्डस्ट्रियल डेवलपमेंट कमिश्नर ने और तत्कालीन श्रम मन्त्री जी ने जो केन्द्रीय वाणिज्य मन्त्री श्री देवी प्रसाद चट्टोपाध्याय थे उनको पत्र लिखा था, और हाल ही में इण्डस्ट्रियल डेवलपमेंट कमिश्नर ने, जो जनता पार्टी की सरकार बनी है उसके प्रशासनकाल में भी कई पत्र लिखे आपातकाल में जो इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कमिश्नर, बिहार ने पत्र लिखा है उसका अन्तिम पैरा पढ़ कर सुनाता हूं :

"Now, there are two alternative before the government. The management of the company can be taken over either under section 18A of under 18AA of the Industries (Development and Regulation) Act but in the former case, an Investigation Committee will have to be constituted by the Government of India and only after getting their recommendation, the take over of the company will be possible. This will take a long time. But in the latter case, the Central Government can immediately take over, revive the company and cut short the time lag. under the circumstances, it is recommended that the Central Government may kindly take over the management of the company under section 18AA of the Industries (D&R) Act immediately and run this factory. It may also be mentioned that due to financial constraints on the resources of the State Government it will not be possible for the State Government to bear the expenses of running the company. Moreover, the State Government do not have the necessary expertise and manpower to run this factory."

[श्री युवराज]

और वाणिज्य मन्त्री ने जो बिहार सरकार को पत्र लिखा है उन्होंने उसमें साफ़ कहा है कि किसी भी स्थिति में हम बन्द उद्योगों को नहीं ले सकेंगे। आखिर उन मजदूरों का क्या होगा, यह मैं जानना चाहता हूं, जो एक, डेढ़ वर्ष से बेरोजगार बना दिये गये हैं मिल के बन्द होने से ? उनके बच्चे सड़कों पर भीख मांगते हैं। वहां के स्थानीय किसानों पर भी बुरा असर पड़ा है, खास कर सहरसा, पूर्णिया और बंगाल के आसपास के जिलों में। मैं कहना चाहता हूं कि वहां के मजदूरों की स्थिति बड़ी दयनीय हो गई है। कटिहार की यह बड़ी मिल है। एक जूट मिल मुक्तपुर में है, और दो जूट मिलें कटिहार में हैं, लेकिन सबसे बड़ी जूट मिल मैसर्स आर० बी० एच० एम० जूट मिल है जिसमें 3500 मजदूर काम करते हैं। इस मिल के बन्द हो जाने से सम्पूर्ण पूर्णिया, कटिहार, सहरसा के लोगों पर बड़ा बुरा प्रभाव पड़ा है। मन्त्री जी ने बेरोजगारों को काम देने का वायदा किया है। लेकिन जो रोजगार में लगे थे और डेढ़ साल से बेरोजगार बना दिये गये मिल बन्द होने की वजह से उनका क्या होगा। इन मिलों को चलाने की आपकी जिम्मेदारी है। अगर उस मिल मालिक की इतनी हैसियत न हो कि पूरे मिल को चला सके तो भारत सरकार की जिम्मेदारी होगी कि उस मिल को लेकर चलावे और उसमें काम करने वाले मजदूरों को रोजी दे। अगर वह मिल नहीं चलाते हैं, तो मजदूरों का क्या होगा ? 20 हजार लोगों का क्या होगा ? इसकी जिम्मेवारी किस पर होगी ?

इसलिये मैं कहना चाहता हूं कि कृपया अपने मन्त्रिमण्डल में इस मामले पर विचार कीजिये और बिहार का जो यह एकमात्र जूट उद्योग है, उसको दोबारा चालू करने का प्रयत्न कीजिये। अगर इसे टेक-ओवर करना पड़े, तो टेक-ओवर करके उस मिल को खोलने की आवश्यकता है। इन शब्दों के साथ मैं आपकी डिमाण्डज का समर्थन करता हूं।

श्री कंवर लाल गुप्त (दिल्ली सदर) : सभापति जी, मंत्री महोदय ने जो ग्रान्ट्स सदन के सामने रखी है, मैं उनका समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं।

यह डिपार्टमेंट ऐसा है कि जिसमें बीमार कारखाने हैं, और जितनी भी इकनामिक मिनिस्ट्रीज हैं, अगर कोई काम न करे, चाहे वह पहली सरकार की हों या इस सरकार की, तो आखिर में जिम्मेदारी इसी मंत्रालय पर पड़ती है। महिलाएं भी इसी मंत्रालय से नाराज होती हैं। जब तक सारी गवर्नमेंट का को-आर्डिनेशन होकर चीज नहीं निकलती तब तक इस मंत्रालय पर फूलमालाएं नहीं चढ़ सकतीं, इसकी किस्मत में तो ब्रिक बट्स ही लिखे हुए हैं। इस विभाग के मंत्री इतने अच्छे हैं कि व्यक्तिगत रूप में कुछ भी कहने को जी नहीं चाहता, लेकिन दो, तीन चीजों के बारे में कहना चाहूंगा।

एक तो अच्छी बात यह है कि हमारा जो बेलेन्स आफ ट्रेड है उस में 1975-76 में 1224 करोड़ का डेफिसिट था। अब हमें यह आशा है कि यह बेलेन्स आफ ट्रेड हमारे पक्ष में होगा। यह देश में पहला या दूसरा साल होगा, जब कि देश का बलेन्स आफ ट्रेड हमारे पक्ष में नहीं तो हम इम्पोर्ट ज्यादा करते हैं और एक्सपोर्ट बहुत कम। इसके लिये मैं मंत्री महोदय को बधाई देना चाहता हूं लेकिन साथ साथ यह बात भी कहूंगा कि पहली सरकार जो चीजें एक्सपोर्ट करती रही है, उनमें कुछ ऐसी भी चीजें शामिल थी जो जीवन के लिए बहुत जरूरी हैं, नसेसिटीज आफ लाइफ हैं। लेकिन उनका उद्देश्य यह था कि एक्सपोर्ट बढ़ना चाहिये चाहे यहां कुछ भी दाम हो जायें।

मैंने एक सवाल पूछा था कि कितनी प्याज और आयल केक्स एक्सपोर्ट हो रही है ? अगर वह आंकड़े देखे जायें तो काफी मात्रा में हैं। जो चीजें यहां नहीं मिलती हैं, जिनके दाम बढ़ रहे हैं, मुझे दुःख के साथ कहना पड़ता है कि हमारी पहली सरकार ने

गरीबों की कास्ट पर वह चीजें दूसरे देशों को एक्सपोर्ट की हैं क्योंकि उन्हें फारेन एक्सचेंज कमाना था । मंत्री महोदय ने माना है कि वह चीजें अब एक्सपोर्ट करनी बन्द कर दी हैं, लेकिन मैं नहीं जानता कि सारी चीजें बन्द कर दी हैं या कुछ ही चीजें बन्द कर दी हैं । मैं मांग करूंगा कि जो आवश्यक वस्तुएं हैं और जिनकी कीमतें इस देश में बढ़ रही हैं, उन्हें किसी भी कीमत पर एक्सपोर्ट नहीं करना चाहिये । हमारे पास फारेन एक्सचेंज का रिजर्व काफ़ी है और 800 करोड़ रुपया हमने बजट में ले लेकर भी इसका प्रावधान किया है । अगर उन चीजों की यहां कमी नहीं होगी तो इन्फ्लेशन भी नहीं बढ़ेगा, सदुपयोग भी होगा और दाम भी नहीं बढ़ेंगे, जैसे कि हम फल, सब्जी एक्सपोर्ट करते हैं और आयल केक्स भी एक्सपोर्ट करते हैं । 1975-76 के मुकाबले में 1976-77 में चाय 26 परसेंट ज्यादा एक्सपोर्ट की गई, जिस की वजह से हमारे देश में चाय के दाम बढ़ गये हैं । इसी तरह काफी 100 परसेंट ज्यादा और आयल केक डेढ़ गुना ज्यादा एक्सपोर्ट किये गये । आयल केक का सम्बन्ध पशुओं और दूध के साथ है । फ़िश 48 परसेंट ज्यादा एक्सपोर्ट की गई । मैं फ़िश नहीं खाता हूं, लेकिन मेरे कई दोस्तों ने बताया है कि फ़िश के दाम बहुत बढ़ गये हैं । इस लिए हमें दालों, वेजीटेबल्ज, फ़िश और आयल केक आदि उन आवश्यक वस्तुओं का एक्सपोर्ट नहीं करना चाहिए, जिन के दाम हमारे देश में बढ़ रहे हैं । पिछली सरकार इन चीजों को एक्सपोर्ट करके एक गलत काम कर रही थी । हमने इस बारे में जो वादे किये हैं, हमें उन्हें पूरा करना चाहिए ।

इस रिपोर्ट में कहा गया है कि 1977-78 में शूगर और सीमेंट को एक्सपोर्ट किया जाएगा । लेकिन देश में सीमेंट का शार्टेज है । जब तक इन चीजों का देश में शार्टेज है, तब तक उन्हें एक्सपोर्ट नहीं करना चाहिए । हमारे पास फारेन एक्सचेंज रिजर्व्ज काफ़ी हैं ।

सरकार ने कुछ चीजों पर इम्पोर्ट ड्यूटी बिल्कुल हटा दी है, जिसकी वजह से उनका इम्पोर्ट ज्यादा हो गया है । देश में उन चीजों को बनाने वाले चिल्ला रहे हैं कि यहां का माल नहीं बिकता है । मेरे पास इस बारे में कई रिप्रेजेन्टेशन्ज आए हैं । इसलिए सरकार को एक ऐसी बैलेन्स्ड पालिसी अपनानी चाहिए, जिससे हमारा फ़ारेन एक्सचेंज भी इस्तेमाल हो जाये और हमारे यहां आवश्यक चीजों की कमी भी न हो और उनके दाम भी न बढ़ें । यहां के लोगों को चीजें मिलती नहीं हैं और हम उन्हें एक्सपोर्ट करें, यह उचित नहीं कहा जा सकता है ।

मैं मंत्री महोदय को बधाई देना चाहता हूं कि जहां 1976-77 के बजट में हैंडलूम के लिए प्लान और नान-प्लान दोनों को मिलाकर 15 करोड़ रुपये का प्रावधान था, वहां इस साल उसको बढ़ा कर 35 करोड़ रुपये कर दिया गया है—डबल से भी ज्यादा कर दिया गया है । यह एक बहुत अच्छी बात है । लेकिन सवाल यह है कि हैंडलूम उद्योग के सामने जो प्राबलम्ज हैं, और इस बारे में हमारी पार्टी की जो नीति है, क्या उसको देखते हुए यह प्रावधान काफ़ी है या नहीं ।

मंत्री महोदय को मालूम है कि महाराष्ट्र में हैंड-लीवर्ज के सामने कितनी समस्यायें हैं । देश के बहुत से प्रदेशों में, जिन में दिल्ली भी शामिल है, उन्हें सूत नहीं मिलता है, और अगर सूत मिलता है, तो उन्हें प्रोसेसिंग और मार्केटिंग का ढंग नहीं आता है, और उन्हें टैकनिकल-नो-हाऊ नहीं दिया जाता है । बजट में हैंडलूम के लिए ढाई गुना ज्यादा प्रावधान किया गया है, लेकिन अगर हम एम्पलायमेंट को बढ़ाना चाहते हैं, जो हमारा कमिटमेंट है,—हम केवल नारेबाजी नहीं करना चाहते हैं और हम लोगों को यह कहने का मौका नहीं देना चाहते हैं कि हमने अपने वादे पूरे नहीं किये हैं—, तो मंत्री महोदय फ़िनांस

[श्री कंवर लाल गुप्ता]

मिनिस्टर साहब को चाहे इस बजट में, और चाहे सप्लीमेंटरी बजट में, हैंडलूम के लिए ज्यादा प्रावधान रखने के लिए कहें ।

सरकार ने सिक टैक्सटाइल मिलों को अपने हाथ में लिया है । वहां 1975-76 में 57 करोड़ रुपये का घाटा है । 57 करोड़ का घाटा है । अब एक साल में सिक मिलों का 57 करोड़ का घाटा और यहां सारे देश में हैंडलूम को जिसके लिए हमारी पार्टी वचनबद्ध है उस को आप 35 करोड़ रुपया दें यह ठीक नहीं है । यह राशि पहले इनके हिसाब से तो ठीक थी । लेकिन जितनी आवश्यकता है उसके हिसाब से बहुत कम है । इसकी ओर भी मंत्री महोदय ध्यान दें । इससे एम्प्लायमेंट भी बढ़ेगा, उत्पादन भी बढ़ेगा, परचेजिंग कोमिटी भी बढ़ेगी । टैक्सटाइल मिलों में आज आप देखेंगे स्टाक पड़ा हुआ है कंट्रोल क्लाथ का । आपने उनसे कहा कंट्रोल क्लाथ बनाने के लिए, वे बना रही हैं लेकिन उसका सारा स्टाक वहां पड़ा हुआ है । कोई खरीदने वाला नहीं है क्योंकि गांव वालों की परचेजिंग कैपेसिटीज नहीं है । जब तक परचेजिंग कैपेसिटी नहीं बढ़ायी जायेगी तब तक चीज पैदा भी कर लेंगे तो उसका कोई लाभ नहीं होगा । इसलिए अच्छा यह होगा कि लोगों की परचेजिंग कैपेसिटी बढ़े और मैं यह चाहूंगा कि 35 करोड़ की जगह 100 करोड़ रुपया हैंडलूम इंडस्ट्री के लिए मिलना चाहिये, तब इसकी शुरूआत होगी । मुझे नहीं मालूम कि मंत्री महोदय की क्या प्रतिक्रिया इसमें है ।

एक चीज और कहना चाहता हूं कि हमारे यहां 63 ट्रेड मिशन्स हैं जो विदेशों में काम करते हैं । उनके ऊपर सवा दो करोड़ रुपया खर्च होता है उन के एडमिनिस्ट्रेटिव एक्सपेंसेज के रूप में । मैं दस बारह बार विदेशों में गया हूं और मैंने देखा कि हमारे ट्रेड मिशन्स वह काम नहीं करते जो उन्हें करना चाहिए । अभी का मुझे नहीं मालूम है कि पिछले तीन महीने में क्या हुआ लेकिन काम्टीन्युटी आफ आफिसर्स तो वही हैं, दो चार, पांच आप बदल सकते हैं, सारे तो नहीं बदल सकते हैं और बदलना चाहिए भी नहीं । वे ट्रेड मिशन्स वास्तव में ट्रेड पर बहुत कम ध्यान रखते हैं । ट्रेडर या इंडस्ट्रियलिस्ट जो उन से गाइडेन्स चाहते हैं, उनकी चिट्ठी का जवाब भी वे नहीं देते । मैं चाहूंगा कि वहां का एडमिनिस्ट्रेशन ठीक हो । थोड़ा उनको और टाइट करने की आवश्यकता है । हर तीन महीने के बाद हर ट्रेड मिशन की रिपोर्ट आनी चाहिए कि उन्होंने क्या काम किया, कितना ट्रेड पहले था, कितना बढ़ा, क्या गाइडेंस उन्होंने दी । यह रिपोर्ट आप उन से मंगाते रहेंगे तो इसका लाभ हो सकता है ।

कंट्रोल क्लाथ के बारे में मैंने कहा कि स्टाक पाइलिंग हो रहा है और दुर्भाग्य से सरकार ने 1974 में तीस प्रतिशत दाम कंट्रोल क्लाथ का बढ़ा दिया । उसके बाद अभी जनवरी 1977 में 35 प्रतिशत दाम बढ़ा दिया । करीब एक डेढ़ साल में 65 प्रतिशत दाम एकदम बढ़ा दिया । उस में गवर्नमेंट को सब्सिडी देने में करीब 24 करोड़ रुपये की हानि होती है । अभी आपने इस बजट में भी एक प्रावीजन किया है कि कपड़े के ऊपर कुछ ड्यूटी में बदल की है, उसका भी असर कुछ गलत हुआ है । मुझे पता नहीं आपका ध्यान इसकी तरफ गया है या नहीं । वह शायद अनजाने में हो गया । फाइन क्लाथ पर आपकी ड्यूटी कम हो गई और कंट्रोल क्लाथ पर ड्यूटी ज्यादा हो गई । कल मैं एक शादी में गया था । कपड़े वालों के यहां शादी थी तो वे मजाक करने लगे कि यह जनता पार्टी की सरकार ऐसा काम करती है, हालांकि उन को तो फायदा हो गया । उन्होंने ही मुझे बताया, फिर मैंने आकर उसको चैक किया तो मुझे लगा कि यह बात ठीक है । तो आप इसको ठीक कराइए । कंट्रोल क्लाथ पर ज्यादा ड्यूटी नहीं बढ़नी चाहिए । या तो पहले जैसी हालत

थी वही रहे या उससे कम ड्यूटी पड़नी चाहिए और परचेजिंग कैपेसिटी बढ़ाने की भी आप कोशिश करें ।

आपने मिल टैक्सटाइल मिलों के लिये एक नेशनल टैक्सटाइल कारपोरेशन बना रखी है, उसमें 103 या 104 मिलें हैं, लेकिन इस वक्त काम शायद 101 मिल कर रही हैं । देश के टोटल काटन-टैक्सटाइल का 20 प्रतिशत उत्पादन इन मिलों में होता है और डेढ़ लाख मजदूर इन मिलों में काम करते हैं । यह एक तरह से काफ़ी बीमार मिलों का अस्पताल है, जिसकी जिम्मेदारी मंत्री महोदय पर आकर पड़ी है । जब कोई बीमार दम तोड़ने लगता है तब उसको इस अस्पताल में ले आया जाता है. इसलिये मैं आपकी मजबूरी को समझ सकता हूं । इसी का यह परिणाम है कि 1975-76 में 57 करोड़ रुपये का घाटा हुआ, 1976-77 में 31 करोड़ रुपये का घाटा हुआ और इस बजट में भी आपने 19 करोड़ का घाटा इसमें बताया है । आप इन मिलों के मोडर्नाइजेशन, एक्सपेंशन और डाइवर्सिफिकेशन का काम कर रहे हैं । यह बहुत अच्छी बात है और इसके लिए काफ़ी पैसा इस साल भी—शायद 58 करोड़ रुपया—इसमें रखा है । लेकिन मेरा कहना यह है कि इन में अभी भी जो मिलें बीमार हो रही हैं, जिनकी इकानमी ठीक नहीं हो रही है, वह शायद इसलिये है कि उनको जान-बूझ कर बीमार किया जा रहा है । मुझे याद है—संजय साहब के मारुति में 10-10 रुपये के सिर्फ 100 रुपये के शेयर हैं, अब यह कहा जा रहा है कि उसको गवर्नमेंट टेकओवर करे ले । करोड़ों रुपया उस में सरकार का, जनता का डूब गया, लेकिन संजय बाबू का सिर्फ 100 रुपये का नुकसान हुआ । इसी तरह से ये सिक मिलें हैं—ये जितने बड़े बड़े इंडस्ट्रियलिस्ट्स हैं, ये खेल खेलते हैं, पहले उसका सारा नफ़ा खा जाते हैं, उसका पूरी तरह से खून चूस लेते हैं, जब उसमें नुकसान होने लगता है तो नुकसान सरकार के हवाले कर देते हैं । यह अच्छी बात है कि आपने कह दिया है कि हम सिक-मिल्ज को नहीं लेंगे, उस के लिये दूसरा रास्ता आपने बतला दिया है । लेकिन मैं यह सुझाव देना चाहता हूं कि आप अपनी कामर्स मिनिस्ट्री में एक इन्टेलिजन्स विंग बनाइये, जो इस बात की जांच करे कि कौनसा एक्शन किस इण्डस्ट्री का जेनुइन है और कौन-सा मिस्चियीवस है, ताकि सारे फैक्ट्स आपके सामने आ सकें और जब बहुत मजबूरी हो, तब ही उसको लेने की कार्यवाही होनी चाहिये ।

मेरे अपने इलाके में भी एक कपड़े की मिल है, वह काफी मिस-मेनेज्ड है । पांच-सात साल से मैं देखता आ रहा हूं कि कोई आई० ए० एस० आफिसर वहां आकर बठ जाता है, जिसको इतना भी मालूम नहीं है कि मिल क्या होती है और कैसे चलाई जाती है । अगर आप के पास समझदार आदमी या अनुभवी आदमी नहीं है तो आप लोगों को ट्रेन कीजिये । जब 100 से ज्यादा मिलें आप के पास हैं तो इन को चलाने के लिये एक ट्रेण्ड-कैडर आप के पास होना चाहिये । जिन को इण्डस्ट्री का ज्ञान नहीं है, ऐसे लोगों को इन मिलों को चलाने के लिए मत भेजिये, उनको ट्रेन कीजिये, एजूकेशन दीजिये, ताकि वे उनको सफलतापूर्वक चला सकें । एक तो पहले ही इन मिलों में काफ़ी करप्शन है, फिर किसी आई० ए० एस० या आई० पी० एस० अफसर के भेजने से वह करप्शन या गड़बड़ कम नहीं होती है और ज्यादा बढ़ जाती है—इसको रोका जाना चाहिये ।

अब मैं मुख्य सवाल की तरफ़ आता हूं, वह है—दाम रोकने की बात । यह देश के सामने एक सबसे बड़ी समस्या है, जिसके

[श्री कंवर लाल गुप्त]

ऊपर ही हमारी फरफौर्मेन्स का जजमेंट होगा। जनता हमें इसी चीज को लेकर जांचेगी, अगर हमने दामों को बढ़ने से रोक लिया, तब तो ठीक, वरना इसका परिणाम ठीक नहीं होगा। मैं यह देख रहा हूं—इस देश की सबसे बड़ी अथारिटी—हमारे प्रधान मन्त्री श्री मोरारजी भाई ने दो बार अपील की। उसके बाद इण्डस्ट्री वालों का एक स्टेटमेंट भी निकला। लेकिन मैं एक बात कहना चाहता हूं—इण्डस्ट्री के लोग—मैं सबके लिये नहीं कह रहा हूं—लेकिन काफ़ी ऐसे लोग हैं, जिन के रा-मैटीरियल के दाम गिरने के बाद भी, उन्होंने अपने प्रोडक्ट के दाम नहीं गिराये हैं। आपने जो रिपोर्ट पेश की है—मुझे दुख के के साथ कहना पड़ रहा है—दामों को बढ़ने से रोकने के लिये उसमें केवल दो पैराग्राफ हैं। मैं उन्हीं को पढ़ने के लिये उत्सुक था, लेकिन उनमें आपने ऐसी कोई बात नहीं कही है कि आप दामों को कैसे ठीक रखेंगे, अब तब इस दिशा में आपने क्या किया है और आगे क्या करने जा रहे हैं। आपने कन्ज्यूमर कौंसिल की बात कही है—लेकिन इसका कोई मतलब नहीं है। मैं चाहूंगा कि आप अपने मन्त्रालय में इसके बारे में एक डिटेल्ड रिपोर्ट तैयार कीजिये। एक चीज मैं यह कहना चाहता हूं कि आप इण्डस्ट्रीज का और खास तौर से जो नेसेसिटीज आफ़ लाइफ़ की इंडस्ट्रीज हैं, सर्वे करवाइए कि जिस दाम पर वे चीजें बेची जाती हैं और जो उनकी कास्ट आती है, उसमें कितना अन्तर है। मेरी मांग है कि एक सीलिंग आफ़ प्राफ़िट होनी चाहिए कि प्रोडयूसर को, इण्डस्ट्री वालों को इतना प्रोफिट होना चाहिए, इतना प्रोफ़िट मिडिलमैन का होना चाहिए और इतना प्रोफ़िट एक रिटेलर का होना चाहिए। जब तक सीलिंग आफ़ प्रोफिट नहीं होगी, चाहे वह फार्मेली हो या इनफार्मेली और खास तौर से नेसेसिटीज आफ़ लाइफ़ की तो जरूर होनी चाहिए, तब तक हम यह उम्मीद नहीं कर सकते कि कन्ज्यूमर्स को कुछ राहत मिल सकेगी। टेरेलीन के कपड़े को ही आप लें। उसमें 50,50 परसेन्ट प्रोफ़िट लिया जाता है और मुझे मालूम है कि फारेन गवर्नमेंटस को तो 100, 100 और 200, 200 परसेन्ट प्रोफ़िट लेकर बेचते हैं। इन सब चीजों को रोकने का काम आपके मन्त्रालय का होना चाहिए।

सुपर बाजार के बारे में मुझे यह कहना है कि दिल्ली में जो सुपर बाजार शुरू हुआ, तो वह कैनाट प्लेस में खुला और उसकी जो चार, पांच ब्रांचेज हैं, वे भी शानदार इलाकों में ही हैं। उस सरकार ने इस काम को किया था। उन्होंने जो कुछ किया उसके लिए उन को रोजाना बुरा कहना ठीक नहीं है लेकिन मैं अपने मन्त्री जी से कहूंगा कि वे सुपर बाजार या डिपार्टमेंटल स्टोर जो खोलें वे गरीब बस्तियों में खोलें और भारी मात्रा में खोलें। जो भी गन्दी बस्तियां हैं वहां पर इन को खोलें और वहां पर लोगों को सब वस्तुएं मिलनी चाहिए, रोजाना इस्तेमाल की चीजें मिलनी चाहिए। जब तक ऐसा नहीं होगा, उनको कोई लाभ नहीं होगा।

एडिबिल आयल का जो इम्पोर्ट का किस्सा है, उसके बारे में अमीन साहब ने कह ही दिया है और मैं उसको रिपीट नहीं करना चाहता। वह एक बहुत बड़ा स्कैन्डल है और उसका कुछ इलाज आप ने किया भी है। इसमें जो मिस्चिवियस एलिमेंट है, उसको सजा मिलनी चाहिए और सी० बी० आई० द्वारा इसकी जांच होनी चाहिए ताकि सारी बातें इस सदन के सामने आ सकें कि किन लोगों ने क्या क्या गड़बड़ियां की हैं और जिन लोगों ने सरकार को धोका दिया है उनके साथ हमदर्दी नहीं होनी चाहिए।

सभापति महोदय, एक बात मैं यह कहना चाहूंगा कि हमारे देश में करीब 2 लाख 40 हजार फैयर प्राइस शाप्स और कोरोसियन आयल की शाप्स हैं और अब 1,000 शाप्स और खोलेंगे। मैं समझता हूं कि यह टोकन संख्या है लेकिन मैं चाहूंगा कि जो नेसेसिटीज

आफ़ लाइफ़ हैं इनकी व्यवस्था आप उन दुकानों पर और विशेष कर गांवों में उन दुकानों पर कर सकें, तो अच्छा होगा। गन्दी बस्तियों में और गांवों में जो ऐसी दुकानें हैं उन पर आप इन चीजों को दीजिए जैसे कपड़ा है, साबुन है या दूसरी और छोटी छोटी आवश्यक चीजें हैं। इस तरह की व्यवस्था सरकार कर सकती है।

इन शब्दों के साथ जो अनुदान की मांगें मन्त्री जी ने पेश की हैं, उनका मैं समर्थन करता हूं और मैं यह आशा करता हूं कि हमारे मन्त्री जी इन समस्याओं को सुलझाएंगे जिस से कि हमारी समस्या भी आगे सुलझ जाए। हम और वे एक किश्ती में बैठे हैं। यह किश्ती चलती रहनी चाहिए, यही मेरा कहना है।

श्री बसन्त साठे (अकोला) : सभापति महोदय, पहले तो मैं श्री मोहन धारिया जी को बधाई देना चाहता हूं कि उन जैसे प्रगतिशील, उत्साही युवा मंत्री को यह बड़ा महत्वपूर्ण महकमा मिला है, जो यदि कामयाबी से चल सका, तो इस देश की जनता का भाग्य बदल सकता है।

सभापति महोदय, मुझे मालूम है कि पहले जब वे मंत्री थे तो किस दुविधा में उनको बहुत बार काम करना पड़ता था और एक घुटन सी महसूस होती थी और अपने इरादों को, अपनी आकांक्षाओं को और अपनी कल्पनाओं को वे अमली जामा नहीं पहना पाते थे। अब मैं आशा करता हूं कि नई सरकार में उन्हें पूरा पूरा मौका मिलेगा तो बहुत कुछ काम जैसा मैंने कहा और मेरे मित्र श्री कंवर लाल गुप्त जी ने कहा है, वे कर पाएंगे।

रिपोर्ट तो आपकी अभी तक मिली नहीं, खैर जो सिविल सप्लाई मिनिस्ट्री का बजट मिला है, उससे हमें कुछ जानकारी आपके परफोर्मेंस के बारे में मिलती है। उससे दो-तीन बातें सामने आती हैं। एक तो यह है कि जहां तक कीमतों का सवाल है, उन कीमतों को रोकने में हम असमर्थ रहे हैं। हालांकि कुछ समय के लिए, जैसा कि आपने रिपोर्ट में कहा है, 1974 में होलसेल इंडेक्स 183.4 था। यह सितम्बर में था। मार्च, 1976 में यह इंडेक्स 162.2 पर आ गया। अर्थात् यह 11.6 गिर गया।, लेकिन अब फिर से यह बढ़ कर 182 से ऊपर चला गया है। यह स्थिति होलसेल की है। हम लोग तो चीजें रिट्रल में खरीदते हैं। प्रतिदिन हम लोगों को यह करना पड़ता है। महाराष्ट्र में मुझे मालूम है, यहां भी यही हाल होगा, तेल जो पहले 6 रुपये किलो तक नीचे आ गया था, अब फिर 11 रुपये साढ़े ग्यारह रुपये पहुंच गया है। आम आदमी रोज के जीवन में तेल, नमक मिर्च का उपयोग करता है सूखी रोटी खाकर ही उसका जीवन चलता है। अब अगर ये ही चीजें महंगी हो जाएं तो उसके जीवन पर कितना असर पड़ता है इसकी हम कल्पना नहीं कर सकते। इस सब की क्या वजह है? क्या देश में तेल का उत्पादन कम हो गया है? ऐसी बात भी नहीं है। आपने इकोनोमिक सर्वे में जो आंकड़े दिये हैं उनसे पता चलता है कि 75–76 में तेल का रिकार्ड उत्पादन था, फिर उसके बाद थोड़ा कम हुआ। अब इतना उत्पादन होने के बाद भी कीमतें कम नहीं होतीं। यह क्यों होता है? यह सब इसलिए होता है कि हमारी वितरण व्यवस्था ठीक नहीं है। इस पर जरा गहराई से सोचिए। हमारी वितरण व्यवस्था पर हमारा कोई काबू नहीं है। सारी वितरण व्यवस्था डिमाण्ड और सप्लाई पर आधारित है। सभापति जी, मान लीजिए बाजार में किसी चीज की मांग है तो उसके लिए खरीदार तो होगा ही। जब खरीदार होगा तो उस चीज का बेचने वाला भी होगा। लेकिन जब उस चीज की पूर्ति नहीं होगी तो स्वाभाविक है कि कीमतें बढ़ेंगी। अब खरीदार आपके

[श्री वसंत साठे]

यहां है, बेचने वाला भी है लेकिन क्या उसका उत्पादन जरूरत के मुताबिक नहीं हो रहा है हमारे यहां नीड बेस्ड, डिमान्ड बेस्ड प्रोडक्शन नहीं होता । सभापति जी आप कितनी भी ऊंची बात करें, बुनियादी बात यह है कि खरीदार देश में है और बेचने वाला भी है लेकिन मारेलिटी नहीं है। मार्किट मारेलिटी की बात होती है। मारल वैल्यूज की बात की जाती है। लेकिन वह चीज यहां लागू नही होती है। जब यह होगा तो आत्मा भी बेची जाएगी। इसलिए उनको अपील बार-बार करना, मैं नहीं समझता हूं फायदेमन्द साबित हो सकता है। इसका कारण यह है कि वे व्यवहार कर रहे हैं। उनको मुनाफा चाहिए अपनी चीज का और जहां ज्यादा से ज्यादा मुनाफा मिलेगा वहां वे उस चीज को बेचेंगे। इस वास्ते उनको कोसने मे कोई लाभ नहीं है। एक प्रेस गिल्ड के सामने शायद पूना में भाषण करते हुए श्री मोहन धारिया ने यह कहा था :

He said "He had been criticised for his views on trust in man and trust in trade. But this was the philosophy to which the Janata Party was pledged and it was strongly believed that by and large the society was honest."

उन्होंने कहा कि ह्यमन बीइंग्ज बाई एंड लार्ज आनेस्ट होते हैं। लेकिन जब वे व्यवहार में और मार्किट में खड़े हो जाते हैं बेचने के लिए अपने आप को तो उनकी सारी की सारी मारेलिटी वही हो जाती है। उसमें आपका ट्रस्ट क्या काम करने वाला है ? इस वास्ते आप अपने आप को गुमराह न करें। मैं कहता हूं कि इस देश में यह जो मिश्रित अर्थ व्यवस्था, मिक्स्ड इकोनोमी की फिलोसोफी हमने शुरू की थी और हमने यह आशा की थी कि इसके बहुत अच्छे नतीजे निकलेंगे लेकिन उससे पैदा होगया मोनस्टर। (*Interruptions*)

I have said it before and I say it now.

"This mixed economy is the biggest unmixed, unmitigated evil"

Whichever Government is there, there will be no solution to your problems. You can" take years.

इसलिए यह कह रहा हूं कि निजी क्षेत्र और पबलिक सक्टर में क्या पैदा होगा ? जो डंकीज वर्क होगा वह पब्लिक सैक्टर में होगा। बुनियादी चीजें वहां पैदा होंगी जैसे लोहा, कोयला, पावर, जनरेशन और सारी कंज्यूमर गुडज जहां असली प्राफिट होता है वे किस के हाथ में रहेंगी ? निजी क्षेत्र के हाथ में रहेगी। सारा काला धन कहां पैदा होता है ? निजी क्षेत्र में ही तो पैदा होता है। कितना हुआ है ? बीस हजार करोड़ पैदा हुआ है। एक पैरेलल इकोनोमी चल रही है। आपकी राष्ट्रीय आय तो उन्नीस हजार करोड़ और काला धन है बीस हजार करोड़। क्या कन्ट्रोल करने वाले हैं आप ? कितने ही बड़े मिनिस्टर हों कुछ नहीं कर सकते हैं। अगर आप वास्तव में कुछ करना चाहते हैं तो एक अर्थ व्यवस्था आप कायम करें। मैं ट्रेडर्ज के खिलाफ नहीं हूं। आपको ट्रस्ट करना है करें, उनके ऊपर आप निर्भर रहें लेकिन एक सैक्टर आप बनाएं। आपकी करपोरेशन के वे मुखिया हो सकते हैं, उनको आप इंचार्ज बना सकते हैं। तब आप उनसे कह सकते हैं कि वे ठीक कीमत पर माल को दें। होलसेल और रटेलर का क्या मार्जिन होता है ? होलसेलर का डेढ़ दो परसेंट होता है और रिटेलर का तीन परसेंट। आप 105 रुपये में गेहूं खरीदते हैं। अब वह 110 रुपये में मिलना चाहिये। क्यों कहीं कंज्यूमर को कहीं इस भाव पर मिलता है ? बम्बई में किस दाम में बिकता है इसको आप देखें। बिना किसी का नुकसान किए आप उनको राष्ट्रीय डिसिप्लिन में क्यों नहीं लाते। क्यों आपने उनको छूट दे रखी है। फिर आप कहते हैं कि उनको हम सबस्टीट्यूट करेंगे पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम से। आप करें इसी सदन में आप क्या कहते हैं :

"He thinks that the Government did not have enough power under the Essential Commodities Act to bring down the prices. He also thinks this as the inability of the Government do so in the absence of adequate buffer stock."

तो पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम में आप बफ़र स्टाक बनायेंगे, ओवर हैडस का खर्चा करेंगे, ढाई लाख फ़ेयर प्राइस शौप्स बनायेंगे। और इतना सारा खर्चा कर के फिर भी प्राइवेट सैक्टर चालू रहेगा जो प्राइवेटसैक्टर अपने आपको जिन्दा रखने के लिये आप की इकोनामी को चलने नहीं देगा। इसलिये प्राइवेट सैक्टर और पब्लिक सैक्टर यह डायकी खत्म कीजिये। एक सैक्टर बनाओ। प्राइवेट सैक्टर वाले भी राष्ट्र के नागरिक हैं, उन्हें नुकसान न पहुंचाते हुए एक डिसिप्लिन में लाइये। संज्ञा उसको आप चाहे जो दें, एक डिसिप्लिन के अन्दर यदि ला दिया तो आप की समस्या हल हो सकती है। फिर कीमत बढ़ने का सवाल नहीं है, क्योंकि जो भी उस नियम के बाहर जायेगा उसको आप सजा दे सकते हैं, उसका लाइसेंस कैंसिल कर सकते हैं।

Let every trader be member of that national sector, whatever you may call it, and not go outside that.

यह एकमात्र रास्ता है इस देश को आगे ले जाने का। मैंने इस पर बहुत विचार किया, लेकिन मुझे तो कोई रास्ता नहीं दीखता। इसी तरह से यदि चलते जायेंगे तो आप भी उसी गड्ढे में गिरने वाले हैं जिसमें हम गिरते रहे। अनएम्प्लायमेंट बढ़ेगा।

16 hrs.

स्माल सैक्टर की आपने तारीफ़ की और कहा कि उसमें उत्पादन सबसे ज्यादा होता है और एमप्लायमेंट पोटेंशियल भी है। आपने यह बताया कि आर्गेनाइजर सैक्टर में, पब्लिक सैक्टर में ज्यादा एमप्लायमेंट मिले। अब स्माल सैक्टर में अपत हैडलूम ले लीजिये। अच्छा हो गया चौधरी चरण सिंह जी आ गये, और आपके शिष्य भी आ गये (श्री राज नारायण) सभापति जी, हैन्डलूम सैक्टर में 20 लाख कुटुम्बों को आजीविका मिलती है। करीबन 40 टाका टोटल कपड़े का उत्पादन उस सैक्टर में होता है और 20 लाख कुटुम्बों के सदस्य भी काम करते हैं उस में। मतलब यह कि तकरीबन एक करोड़ लोग काम करते हैं। और मिल सैक्टर में 7 लाख लोग काम करते हैं, लेकिन फिर भी सारे देश की दौलत मिल सैक्टर में है। एक टक्सटाइल पौलिसी फ़ाटन टू क्लाथ आप टैक्सटाइल में चालू नहीं कर सकते? क्या हो रहा है कि सिक मिलें गई तो उसको ले लो। इससे काम नहीं चलेगा। मिल मालिक उसका पहले खून चूस ले और बीमार कर दें और फिर हम उसको ले लें। अब दूसरा गुनाह क्या करने वाले हैं कि जो अच्छी मिलें चलाने वाले हैं वह उन सिक मिल्स को ले लें। तो इससे काम नहीं चलेगा काटन प्रोडयूस करने वाले किसानों को काफ़ी नुकसान हो रहा है। पर एकड़ प्रोडक्शन इस देश में कम हो रहा है। जब ज्यादा उत्पादन किया आन्ध्रा में और महाराष्ट्र में, 70 लाख बेल तक उत्पादन हुआ 1974-75 में तो आपने किसान को तमाचा मारा और कौटन के दाम गिरा दिये। नतीजा यह हुआ कि दूसरे साल उत्पादन घट गया। इम्पोर्ट पर आप 100 करोड़ रुपया खर्च करेंगे, लेकिन अपने किसानों को थोड़ा ज्यादा दाम देने को तैयार नहीं हैं। कोई कौस्ट रेशिया आपने कभी निकाला है? एक कमेटी बैठायी थी उसकी रिपोर्ट मंगायें, मिडिलमैन कितना खाये चला जाता है। एक महाराष्ट्र में मोनोपली शुरू हुई, जरा कण्ट्रोल आया तो आपने उनको कहा हम तुमको पैसा नहीं देंगे। सारे देश की काटन कार्पोरेशन को आप कितना रुपया देते हैं? 200 करोड़ रुपया चाहिये। लेकिन देश में टर्न ओवर आफ़ काटन के लिये 20 करोड़ रुपया देते हैं और आप समझते हैं कि काटन की प्राइसेस को कण्ट्रोल कर लेंगे? यह क्या मजाक आप करते हैं?

आप काटन और क्लाथ की पालिसी बनाइये, मैं आपसे कहता हूं कि किसानों के

[श्री बसन्त साठे]

साथ न्याय होगा तो वह अच्छा कपड़ा पैदा कर सकेंगे। पीछे अशोक मेहता कमीशन बना, और बने, कितनी ही रिपोर्टें आईं लेकिन कुछ नहीं हुआ। हैंडलूम सैक्टर के लिये आप धोती साड़ी रंगीन रिजर्व करिये, फिर देखिये कैसे अच्छा कपड़ा पैदा नहीं होगा। जितने मिल हैं, उनको स्पिनिंग मिल में कन्वर्ट कीजिये, यार्न सप्लाई कीजिये। हैंडलूम अच्छा बने तो तो क्यों नहीं लोग उसे लेंगे? सस्ता भी बनेगा और एम्प्लायमेंट भी लोगों को मिलेगा। पावरलूम मिल की सबसीडियरी है, और कुछ नहीं है। भिवण्डी में क्या हुआ, एक्साइज बचाना चाहते हैं। मेरा कहना यह है कि एक ही क्लाथ सैक्टर को अगर आप श्री चरण सिंह जी के आशीर्वाद से एक डेढ़ साल में रि-आर्गेनाइज कर लें तो सारे देश में क्रान्ति हो जायेगी।

अगर मार्केटिंग होगी, तभी गांव में चीज पैदा होगी। आज समस्या यह है कि गांव में पैदा होने वाले माल को बेचेगा कौन, खरीदेगा कौन? आप उत्पादन और मार्केटिंग अपने हाथ में ले लें, एक सैक्टर बना दें, सारे प्राइवेट सैक्टर को उसमें डाल दें तो मेरा कहना है कि देश में 60 करोड़ लोग हैं, उनमें से 30 करोड़ हाथ चीजें उत्पादन करने लग जायेंगे। आप केवल देश के अन्दर ही नहीं परदेश में भी माल बेच सकते हैं। आप दूसरे देशों को फाइन और सुपर फाइन बना कर, गार्मेन्टस बना कर एक्सपोर्ट करें। पर हिन्दुस्तान के लोग जो काटन पैदा कर, उससे हिन्दुस्तान के लोगों को तो कपड़ा मिल सके। गांव गांव में दूसरी चीजें पैदा हो सकती हैं, पर उसकी जड़ तो मार्केटिंग है। कोई भी चीज देहात में बड़े पैमाने पर पैदा नहीं हो सकती अगर आप उसको प्राइवेट सैक्टर में कम्पीटीशन में डाल देंगे, चाहे वह को-आपरेटिव में बने या कुछ बने, वह बिक नहीं सकती है क्योंकि लीवर ब्रदर के साथ क्या कम्पीटीशन करेगा।

यहां किसी पार्टी का सवाल नहीं है, देश की इकनामी में हम सब लोग आपके साथ हैं। जैसा मैंने शुरू में कहा कि मेहरबानी करके मिक्सड इकनामी का मान्सटर खत्म करिये। प्राइवेट सैक्टर को भी आप एक राष्ट्रीय सूत्र में ले आयें, उनका नुकसान नहीं करना है। आप उनको काम में लगाय, ट्रेडर्स को काम में लगायें, होलसेलर्स को काम में लगायें, मुझे कोई ऐतराज नहीं है। लेकिन मेहरबानी करके ब्यूरोक्रेसी को काम में मत लगाइये। क्या इनका काम है इण्डस्ट्री को चलाना? जो भी नई कार्पोरेशन बनती है, उसमें फौरन ब्यूरोक्रेसी आ जाती है।

इसलिये इन खतरों से सावधान रहते हुए मैं आशा करता हूं कि हमारे मित्र श्री धारिया जी कुछ कर पायेंगे, हमारी बड़ी शुभकामनाएं उनके साथ हैं। हमको खुशी है चलो देश का भला उन्हीं के हाथों से हो जाये।

*SHRI A. MURUGESAN (Chidambaram): Mr. Chairman, Sir, on behalf of my party, the All India Anna Dravida Munnetra Kazhagam, I rise to say a few words on the Demands for Grants of the Ministry of Commerce.

It is really a matter of great satisfaction that the exports of our country during 1976-77 reached the figure of Rs. 4,981 crores, the highest in the last thirty years. At the same time, it has to be borne in mind that the rise in international price of commodities is the main cause of this significant growth, and definitely not due to the increase in the quantum of exports. The price of our traditional items like tea, sugar, coffee, leather, leather products, pepper etc. in international markets showed an upward trend and in consequence our exports in value went up considerably. So this should not lead us to any complacent attitude in the matter of our exports.

It cannot be denied that sugar export is subsidised substantially. We sell sugar at 75 paise per kilo in the international market. Within the country the price per kilo of sugar is Rs. 4.50. For example, if our export earning through sugar is Rs. 100 crores, the sugar-mill owners in the country get a subsidy of Rs. 600 crores. This huge

*The original speech was delivered in Tamil.

sum does not come from the Government's coffers. The sugar-mill owners are permitted to sell at Rs. 4.50 per kilo within the country to offset their loss in selling sugar at 75 paise per kilo for the sake of export earnings. With this bounty the sugar magnates dabble is politics. The common people are unfortunately the pawns in the game of chess between the Government and the sugar-mill owners.

It is also a matter of concern that our share in international tea market is declining. The tea export of Sri Lanka is considerably larger than our tea export. I would like to know the reason for this fall. We are exporting unmanufactured tobacco. I wonder why we have not so far tried to acquire the technical knowhow for producing tobacco to suit the taste of international connoisseurs. The Imperial Tobacco Company has perfected this technique and it is exploiting our ignorance in this matter. Huge sums are remitted to the Head Office account in foreign land. Last year our exports to East European countries have fallen. While we can rejoice that our exports have picked up in the case of ECM countries, the fall in our exports to East European countries must be investigated by the Government. We are earning in foreign exchange to the tune of Rs. 236 crores in the export of leather and leather manufactures. The State of Tamil Nadu contributes nearly 60% of this earning. On account of certain restrictions imposed on the export of semi-leather, the leather trade in Tamil Nadu has come to grief. I request that the Central Government should enquire into this and do the needful.

In our exports, the traditional items play a major role. Similarly, we seem to be following a set pattern in importing traditional items like wheat and such other food items. The barometre of a nation's economic progress is more and more export of engineering goods and less and less import of traditional food articles. Besides any other economic indication, our country's export and import trade shows clearly our under-development both in industry and agriculture. During April-December, 1976 we imported foodgrains worth Rs. 1,425 crores and the value of import of fertilisers during this period was Rs. 1,120 crores. Out of the total import bill of Rs. 3,592 crores, these two come to Rs. 2,545 crores. I do not think we require any other confirmation for our economic backwardness.

What is the institutional set-up for achieving this much talked about export miracle? We have the Trade Development Authority, State Trading Corporation, Metals and Minerals Trading Cerporation, Handicrafts and Handlooms Corporation, Tea Trading Corporation, State Chemicals and Pharmaceuticals Corporation. Let us see the performance of the last mentioned institution. It has imported in huge quantities polythene granules from Japan. As a result, a few thousands of small industries engaged in the manufacture of polythene bags, sheeting and tubing are on the verge of extinction. You will appreciate that within the country the I.C.I. is manufacturing polythene granules and this concern could have been encouraged to push up its production schedule to meet the growing needs of polythene granules. No, this State Chemicals and Pharmaceuticals Corporation, in order to justify its existence, must import polythene granules from Japan, which in turn would curtail the indigenous production. We cannot afford to waste the valuable foreign exchange in such unwanted things.

The National Textile Corporation is functioning under the aegis of this Ministry. Recently, the hon. Finance Minister stated that this concern has incurred a cumulative loss of Rs. 114 crores. With a view to revitalise the sick textile mills, which would enable greater production of standard cloth and also cloth for export, the Government took over these textile mills. Neither the production of standard cloth has gone up nor the cloth for export market. This House is aware of our dismal export performance in readymade garments. The hon. Minister is duty-bound to explain to this House the reasons for such a sad performance.

Before I conclude, I would urge upon the Janata Party Government at the Centre that it should prune the sprawling empire under the Commerce Ministry. Our Embassies abroad can be activated for meeting our requirements in export trade. I will illustrate this point by referring to the Trade Development Authority in Parliament Street, which has been entrusted with the duty of looking after our exports. Highly paid officials are adorning the air-conditioned rooms. If you go inside to enquire about potential export channels, you are confronted with a list of companies located in different countries and you are advised to contact them. Should we have this white elephant of TDA to prepare such a list? Similarly, you go to STC and try to find out about import possibilities. You will be given a detailed lecture. All the literature brought out by STC must be published in all the regional languages. I emphasise this point because the STC officials are highly discourteous towards traders who do not know English or Hindi.

[Shri A. Murugesan]

I request that the hon. Minister may try to give clarifications in his reply to the debate on the points I have raised.

With these words I conclude my speech.

श्री सुखदेव प्रसाद वर्मा (चतरा) : सभापति महोदय, मैं इस मांग का समर्थन करते हुए दो तीन बातों की ओर ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। मूल्य के सम्बन्ध में और सहकारिता के संबंध में विशेष रूप से मैं निवेदन करूंगा। मूल्यों में वृद्धि हो रही है इस से इन्कार नहीं किया जा सकता। लेकिन यह वृद्धि क्यों हो रही है इस के बारे में विभिन्न मत हैं। सब से सरल बात यह आती है कि मूल्य की वृद्धि इसलिये है कि उत्पादन कम हुआ है। यह कारण हम मान लेते हैं। लेकिन मेरी इस में असहमति है। मैं समझता हूं कि अगर उत्पादन की कमी के कारण मूल्य वृद्धि होती, उत्पादन अगर कम होता तो देश में जितने लोग हैं उन्हें जितनी आवश्यक वस्तुयें चाहियें उस की पूर्ति नहीं होती चाहे मूल्य कितना भी होता। लेकिन ऐसा नहीं होता। होता यह है कि चीजें तो मिल जाती हैं, केवल कीमत अधिक देनी पड़ती है। तो सिर्फ यह मान लेना कि उत्पादन की कमी के कारण मूल्यों में वृद्धि है इस से मैं सहमत नहीं हूं। मैं समझता हूं कि आज चीजों का उत्पादन तो होता है लेकिन उस के वितरण की प्रणाली सुदृढ़ न होने के कारण, वितरण सही ढंग से न कराने के कारण, नियंत्रित मूल्य पर, जो मूल्य वास्तव में होना चाहिये उस पर वितरण न होने के कारण यह मूल्य वृद्धि होती है। सब से बड़ा कारण मूल्य वृद्धि का यह है और जैसा कि हमारे मित्र साठे साहब कह रहे थे कि देश के अंदर काला धन समानान्तर रूप से चल रहा है, वह काला धन भी मूल्य वृद्धि का एक कारण है। आप देख लीजिए, किसान विभिन्न प्रकार की चीजें पैदा करता है जो खाने के काम आती हैं लेकिन अगर आप मूल्यों का सर्वे कराएं तो आप को यह पता चलेगा कि जिस हिसाब से मूल्य वृद्धि हुई है उस हिसाब से किसान को वह नहीं पहुंच पाता। इसका अर्थ यही है कि जो उत्पादन करता है और जो उसका उपयोग करता है दोनों के बीच का कोई आदमी ऐसा है इस व्यवस्था के अंदर जो उस की चीजों को कम मूल्य में ले कर अधिक मूल्य कमाने की चेष्टा करता है। यह काम वह उसी धन से करता है जिसे हम काला धन कहते हैं जिसके कारण मूल्यों में बराबर वृद्धि होती है। उदाहरण के तौर पर डालडा को ले लीजिए। अभी जब शादी ब्याह के दिन थे तो इसका मूल्य बहुत ऊंचा चला गया, अब फिर नीचे चला गया। अब वह मूल्य नहीं है। जब ज्यादा जरूरत थी तो मूल्य बढ़ गया, जरूरत कम हो गई तो मूल्य घट गया। उत्पादन से कहां इसका संबंध है। इसका संबंध ऐसे लोगों से है जिन को ग्रामीण क्षेत्रों में आठतिया कहते हैं। अढ़तिया एक जगह इकट्ठा करता है और इकटठा करने में उस धन का उपयोग करता है। आप तो उस धन को केवल पकड़ते हैं जो आप की नजर में है जिस पर वह आयकर देता है या और दूसरे टैक्स देता है। लेकिन दूसरा धन जिससे वह स्टाक करता है वह धन हमारी आप की नौलेज में नहीं है। मूल्य वृद्धि का कारण सिर्फ उत्पादन की कमी नहीं है, बल्कि हमारा नियंत्रण और वितरण प्रणाली सुदृढ़ न रहने के कारण मूल्य वृद्धि होती है।

इसका एक और भी कारण है—इस देश के अन्दर औद्योगिक वस्तु के मूल्य और कृषि मूल्य में बड़ा अन्तर है। इन दोनों के मूल्यों को नियन्त्रित करने वाला एक ही आदमी है, एक तरह के ही लोग इन का नियन्त्रण करते हैं। जो कृषि से उत्पादन होता है, उसके मूल्य में और औद्योगिक मूल्य में जो फिक्स्ड प्राइस होती है, जो तय की जाती है, उसमें समानता न रहने के कारण मूल्यों में उतार-चढ़ाव होता रहता है। आज जरूरत इस बात की है कि हमारे मंत्री महोदय को देखना चाहिए कि इस को कैसे सुदृढ़ करें, कैसे इसके अंदर समानता लायें।

वितरण प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिये सहकारिता भी एकमात्र साधन हो सकती है। परन्तु आज सहकारिता की स्थिति क्या है? मैं यह मानता हूं कि ग्रामीण अर्थ – व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिये, ग्रामीण जीवन को सुखमय बनाने के लिये यह आवश्यक है कि पंचायतें और सहकारिता सुदृढ़ हों, मजबूत हों, लेकिन यह कैसे हो सकता है? मैं कुछ उदाहरण देना चाहता हूं—आज महाराष्ट्र की कोआपरेटिव सोसायटियां, गुजरात की कोआपरेटिव सोसायटियां बड़ी मजबूत हैं। मुझे इन को बहुत नजदीक से देखने का मौका तो नहीं मिला है, लेकिन जैसा मैंने सुना और पढ़ा है—वहां की सहकारी संस्थायें बहुत अच्छी तरह से काम कर रही हैं। लेकिन दूसरी तरफ हमारे बिहार में क्या हालत है? आज बहुत से सदस्यों ने यहां बहुत अच्छे भाषण दिये। चौधरी ब्रह्म प्रकाश जी ने जो बातें कही हैं, मैं उन सब से सहमत हूं। किन्तु मैं अपने सहकारिता मंत्री को यह सुझाव देना चाहता हूं कि आज सहकारिता राज्य का विषय बना हुआ है और यही कारण है कि जो राज्य अच्छा काम करने वाले हैं उन के यहां सहकारी संस्थाओं की स्थिति सुदृढ़ है, लेकिन जिन राज्यों में सहकारिता परिवार की संस्था बन गई है, व्यक्ति के पौकिट की संस्था बन गई है, वहां हालत खराब है। उन स्थानों पर न हम वितरण प्रणाली को सुदृढ़ कर सकते है और न क्रेडिट को सुदृढ़ कर सकते हैं और न ही ग्रामीण जीवन को सुखी बना सकते हैं। बिहार एक ऐसा ही राज्य है जहां आप के क्रेडिट बैंकों का, लैंड डेवलपमेन्ट बैंक का, मार्केटिंग आर्गेनिजेशन्ज का, किसानों को कोई लाभ नहीं पहुंच रहा है। करोड़ों रुपये की गड़बड़ वहां चल रही है। किसी कोआपरेटिव संस्था ने गरीब के किसानों के लिए ऋण लिया, उस को उस संस्था के सभापति और सेक्रेटरी ने अपनी जेब में रखा, लेकिन जिन के नाम पर वह रुपया लिया गया उन को उसका कोई लाभ नहीं पहुंचा।

एक बात यह भी है कि कोआपरेटिव में आफिशियल्ज छा गए हैं—मैं इस का विरोधी हूं। आज सहकारी संस्थाओं में सरकारी अधिकारियों की छाप नहीं होनी चाहिए, जो चुने हुए प्रतिनिधि हैं उन का ही नियन्त्रण उस पर होना चाहिए। जिन लोगों के जीवन को सुखमय बनाने के लिए इन सहकारी संस्थाओं का निर्माण किया जाता है, यदि उन का ही समावेश उन में नहीं होगा तो वे सहकारी संस्थायें सुदृढ़ नहीं हो सकतीं। आज बिहार में क्या होता है? 11 आदमी मिल कर एक कोआपरेटिव बना कर सारे गांव पर नियन्त्रण करते हैं, एक तरह से वह पारिवारिक संस्था बन गई है। इसीलिए मैं सुझाव देना चाहता हूं कि यह राज्य का विषय है, इस को कैन्द्रल एक्ट में बदलना चाहिए। हम अपने देश के ग्रामीण जीवन को सुखमय

[श्री सुखदेव प्रसाद वर्मा]

बनाना चाहते हैं, वितरण प्रणाली को सुदृढ़ बनाना चाहते हैं, इस के लिए जरूरी है कि केन्द्र का एक्ट हो, जिस के अन्दर सारे देश में रहने वाले लोगों का समावेश हो। आप का अब ऐम है, आबजेक्ट है, जब आप काम करना चाहते हैं सरकारी संस्थाओं के माध्यम से, तो सारे देश की कोआपरेटिव्ज पर आप का डाइरेक्ट नियंत्रण होना चाहिए। यह मैं मानता हूं कि को-आपरेटिव एक्ट राज्य का विषय है, ग्राम-पंचायत एक्ट राज्य का विषय है, लेकिन जब देश की उन्नति का सवाल है, देश की गरीबी का सवाल है और देश के विकास का सवाल है, तो इन संस्थाओं पर केन्द्र का डाइरेक्ट नियंत्रण होना चाहिए। इसलिए मेरा सुझाव यह है कि एक कोआपरेटिव केन्द्र सरकार स्वतः बनाए, जोकि सारे देश पर लागू हो। इन संस्थाओं को तो राज्य सरकारें ही चलाएंगी लेकिन उन पर पूरा नियंत्रण, डाइरेक्ट नियंत्रण आप का हो।

दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि बिहार के अन्दर जो कोआपरेटिव सोसाइटियां हैं, जोकि गांवों से संबंधित हैं, जब तक वे वायएबिल यूनिट नहीं होंगी, उन का संचालन ठीक ढंग से नहीं हो सकता, वे स्वतः अपने पैरों पर खड़ी नहीं हो सकतीं। उन के आय के साधन इतने होने चाहिएं कि वे अपने को चलाने में समर्थ हो सकें, इस तरह की व्यवस्था करनी चाहिए और जब तक केन्द्र द्वारा एक सेन्ट्रल कोआपरेटिव एक्ट नहीं बनाया जाता और सारे देश में वह समान रूप से लागू नहीं होता, यह संभव नहीं होगा। आज हम देखते हैं कि देश के अन्दर इन सारी संस्थाओं की स्थिति बहुत खराब है। अगर इन की वित्तीय स्थिति अच्छी होगी, तो वितरण प्रणाली में, खेती के विकास में, देश के आर्थिक विकास में, और ग्रामीण जीवन को सुखी बनाने में यह अपना योगदान दे सकती है। इसलिए सहकारी संस्थाओं को सुदृढ़ करने की बहुत आवश्यकता है।

हैन्डलूम की बात आप लीजिए। यह प्राइवेट सेक्टर के हाथों में है। इन संस्थाओं के द्वारा हम उस की रक्षा कर सकते हैं। इसलिए मैंने यह कहा है कि यह जो स्टेट का सबजेक्ट अभी तक बना हुआ है, इस को सेन्टर का सबजेक्ट बनावें क्योंकि काआपरेटिव्ज और ग्राम पचायतों में बड़ा घनिष्ठ सम्बन्ध है।

साथ ही साथ मैं एक निवेदन यह करूंगा कि कोआपरेटिव से मेरा गहरा ताल्लुक है और 45 साल से राज्य की संस्थाओं से, प्राइमरी सोसाइटी से ले कर बड़ी संस्थाओं तक, मेरा सम्बन्ध रहा है। मैं आप को बिहार की बात बताता हूं। बिहार के अन्दर क्या तमाशा होता है। जब श्री जगन्नाथ मिश्र जी की सरकार थी तो छोटी छोटी सोसाइटियों की जगह पर एक वायएबिल सोसाइटी बनाने के नाम पर उन्होंने उन को सुपरसीड कर दिया और यह कहा कि जब यह वाएबिल यूनिट हो जाएगी, तो बैंक के चुनाव करावेंगे लेकिन जब चुनाव का वक्त हुआ, तो सब को उन्होंने रिलीज कर दिया और कहा कि जैसे लूटते थे लूटो। यह कोई एक अच्छी सरकार की नीति नहीं कही जा सकती। यह एक व्यक्ति की नीति नहीं होनी चाहिए। माननीय मंत्री जी बड़े कर्मठ व्यक्ति हैं और कोआपरेटिव से उन का बड़ा गहरा सम्बन्ध है। इसलिए मेरा कहना यह है कि बिहार में जो सारे कोआपरेटिव बैंक हैं, वह

चाहे स्टेट कोआपरेटिव बैंक हो, सेन्ट्रल कोआपरेटिव बैंक हो, मार्केटिंग यूनियन हो और चाहे लैंड मार्गेज बैंक हो, उस में जो बड़े बड़े मगरमच्छ प्रवेश कर गए हैं और उन्होंने जो उनमें गड़बड़ियां की हैं, उन की जांच होनी चाहिए। इस की आप जांच करें या सी० बी० आई० से जांच करवाएं। जांच करवाने पर आप को वहां पर बहुत सी गड़बड़ियों का पता चलेगा।

मैं आप से यह भी बता दूं कि गया के डिस्ट्रिक्ट मैजिस्ट्रेट श्री सुब्रह्मण्यम ने अभी सेन्ट्रल कोआपरेटिव बैंक के केस को पकड़ाये। वहां के सेक्रेटरी के खिलाफ रुपये के गबन का मामला और रुपये के दुरुपयोग का मामला पकड़ा और केस इंस्टीट्यूट करने के लिए लिखा लेकिन उस सारी फाइल को दबा दिया। आपने अखबारों में पढ़ा होगा कि बिहार में कर्ज देने के लिए रेलवे टेशन और गांधी मैदान को भी मार्गेज कर दिया गया। इस तरह की अनेकों घटनाएं वहां की हैं और इस की अगर आप जांच करवाएंगे तो आपको बहुत सी और बातों का पता चलेगा। मैं बताता हूं कि हमारे प्रदेश में एक अच्छे रजिस्ट्रार कोआप्रेटिव आये। जब उन्होंने मामले पकड़ने शुरू किये तो उन्हें चार महीने के अन्दर ही रवाना कर दिया गया। क्योंकि बैलियां जो पहुंचती थीं वे बन्द होने लगीं। अब हमारी जनता पार्टी की सरकार है। हमारे घोषणा पत्र में भी यह दिया हुआ है कि हम इस तरह की बुराइयों को दूर करेंगे। इसलिए मेरा आपसे निवेदन है कि जितनी भी पिछली सरकार के अन्दर इस प्रकार की गड़बड़ियां हुई हैं, चाहे वह किसी के द्वारा हुई हैं, किसी एक व्यक्ति के द्वारा हुई हैं, उन सब को ठीक किया जाये और जिन्होंने ये गड़बड़ियां की हैं, उनके खिलाफ कार्यवाही की जाए। इससे जनता में विश्वास जमेगा और उसका हमें समर्थन प्राप्त होगा कि वास्तव में जनता पार्टी की सरकार ने बहुत उत्तम कदम उठाया है। इससे भ्रष्टाचार ही नहीं मिटेगा बल्कि कोआपरेटिव संस्थाओं का भी सुधार होगा। इसलिए मैं चाहूंगा कि कोआपरेटिव के बारे में एक सेन्ट्रल एक्ट बनाने पर आप विचार करें। अगर यह मुमकिन हो सके तो इसे बनायें। इससे सहकारी संस्थाओं का सुधार होगा और उन पर आपका डायरेक्ट नियंत्रण होगा। इसलिए मेरा निवेदन है कि आप मेरे सुझावों पर विचार करें।

श्री मृत्युंजय प्रसाद वर्मा (सीवान) : सभापति महोदय, मैं आपका धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया। हमारे सुखदेव बाबू ने अभी जो कहा वह ठीक है, मैं उनके समर्थन में ही दो-एक बातें कहूंगा। आप जब तक कोआपरेटिव के कानून में परिवर्तन नहीं करेंगे तब तक कुछ काम नहीं हो सकेगा। मैं इस सम्बन्ध में दो-एक परिवर्तन सुझाता हूं।

पहली बात तो यह है कि आडिट को आपको रजिस्ट्रार के आफिस से बिल्कुल अलग करना होगा। सहकारी समितियों के लिए रजिस्ट्रार ब्रह्मा, विष्णु, महेश तीनों हैं। ब्रह्मा के रूप में रजिस्ट्रार का काम है कि कोआप्रेटिव सोसाइटीज को बना कर रजिस्ट्रेशन करना। जब सोसाइटीज बन जाती हैं तो रजिस्ट्रार का दफ्तर विष्णु के रूप में उनको सुपरवाइज करता है, उनको चलाता है। और उनकी समाप्ति, लिक्विडेशन श्री रुद्र के रूप में करता है। ऐसी स्थिति में उनके नीचे जो आडिट डिपार्टमेंट रहता है उसमें हिम्मत नहीं हो सकती कि वह सभी समय सही बात कह सके। अगर रजिस्ट्रार के सामने स्पष्ट बातें आती हैं कि कहीं गड़बड़ी हुई है तो इससे रजिस्ट्रार के सुपरविजन में कमी आती है। मैं इसमें ज्यादा नहीं जाऊंगा क्योंकि

[श्री मृत्युंजय प्रसाद वर्मा]

सुखदेव बाबू ने ये बातें आपके सामने रख दी हैं। अब उनको दोहराना बेकार है। इसलिए मैं चाहूंगा कि आप रजिस्ट्रार के दफ्तर से आडिट को अलग कर दीजिए। यों तो जो भी आडिटर की रिपोर्ट आती है उस पर भी रजिस्ट्रार के दफ्तर में कोई खास एक्शन नहीं लिया जाता। इसलिए आडिटर कोई खास काम वहां नहीं कर पाते।

दूसरी बात यह है कि अगर किसी से शिकायत आती है कि अमुक सोसाइटी में गड़बड़ है तो उसकी जांच करायी जाए और अगर जांच कराने में गड़बड़ी निकलती है तो कार्यवाही की जाए। हमारे वर्तमान कानून के मुताबिक रजिस्ट्रार को किसी भी दरख्वास्त को रद्दी की टोकरी में फेंकने का पूरा अधिकार है। इसलिए रजिस्ट्रार से सम्बन्धित कानून में यह सुधार किया जाए। अब क्या होता है कि सोसाइटीज की ओर से, अर्थात जनरल बाडीज की ओर से, मैनेजिंग कमेटी से या बोर्ड आफ डायरेक्टर्स दरख्वास्त आए तो रजिस्ट्रार कार्यवाही करता है। अब मैनेजिंग कमेटी या बोर्ड आफ डायरेक्टर्स अपने खिलाफ क्यों शिकायत करने लगे। मेरा कहना यह है कि किसी भी सोसाइटी की जनरल बोडी की मीटिंग हो और उसमें इतनी ताकत हो कि वह मैनेजिंग कमेटी को बदल सके, हटा सके, तो फिर इसके लिए रजिस्ट्रार के पास जाने की आवश्यकता नहीं होगी। कुछ मुट्ठी भर लोग अपनी गोटी जमा लेते हैं और फिर हटते नहीं हैं। ऐसी हालत में व्यक्तिगत रूप से यदि कोई लिखता है तो कानून में यह होना चाहिए कि रजिस्ट्रार उसकी शिकायत को सुने। अब के कानून में तो उसकी मर्जी है कि वह सुने या न सुने, रद्दी की टोकरी में फेंक दे। मैं इस बात का भुक्तभोगी हूं। मैंने कई बार लिखा और 1974 से लिखता चला आ रहा हूं मगर आज तक कुछ नहीं हुआ। जब मैं जेल में था उस समय से लिखना शुरू किया, आज तक उसकी इंक्वायरी हुई या नहीं, पता नहीं कहां तक कार्यवाही हुई। यह अधूरी रह गई है। इनक्वायरी इस मायने में हुई कि एक अफसर आए थे। मैनेजर ने उनको कागज नहीं दिखाए और वह चीज वहीं खत्म हो गई। मुझे कुछ जवाब नहीं दिया गया। इस इंक्वायरी के माने क्या हैं? प्राइमा फसाई केस जहां बनता हो उस केस को तो आपको रजिस्ट्रार को जांच करनी ही होगी। हां जहां क्रिमिनल केस हो वहां ऐसी बात नहीं चलनी चाहिये।

16.35 hours.

[SHRI SONU SINGH PATEL *in the chair.*]

कान्फ्लिक्स हुई हैं रजिस्ट्रार की और उनके पहले कमेटीज बैठीं। उन कमेटीज की रिकोमेंडेशंज आई और उन पर विचार हुआ। लेकिन ये सब बातें सिर्फ कागजों में रह गई हैं, आगे कुछ कार्रवाई नहीं हुई है। बल्कि टालने के लिए यह कह दिया जाता है सहकारी आन्दोलन में से ही आडिट आर्गेनाइजेशन इसी तरह से डिवेलप करेंगी तो अच्छा होगा, अपने तौर पर आगे बढ़े तो अच्छा होगा। लेकिन जब तक नहीं होती है तब तक रजिस्ट्रार के हाथ में रहे तो ठीक है। यह भी कह जाता है कि ज्वाइंट रजिस्ट्रार का पद दे दिया गया है चीफ आडिटर को। लेकिन इससे भी कोई फायदा नहीं होता है क्योंकि आखिर वह रहता तो रजिस्ट्रार के अधीन ही है। उसका अलग रहने का कोई अर्थ नहीं रह जाता है। मैं बिहार के परिप्रेक्ष्य में यह बात कह रहा हूं। मैं मानता हूं कि अन्य प्रदेशों में कुछ अन्तर है। जैसे पंजाब में यह है कि वहां एक आडिटर्स सोसाइटीज अलग से बनी हुई है। सब जगह ऐसा नहीं है। यह चीज ऐसी है जो सब जगह एक सी होनी चाहिये। आडिट आर्गेनाइजेशन अलग होनी चाहिये।

बिहार में मैंने देखा है कि बड़ी बड़ी सहकारी संस्थाओं को कुछ लोगों ने

अपने हाथ में कर लिया है और बारह बारह और चौदह चौदह बरस से वे इनके चेयरमैन चले आ रहे हैं। इस बीच में उन्होंने जो कुछ किया उसका जिक्र यहां न करूं तभी अच्छा होगा। संस्थाएं भी कौन कौन सी ? बिहार राज्य की केन्द्रस्थ सब से बड़ी बड़ी संस्थायें जैसे स्टेट कोआपरेटिव बैंक, कोआपरेटिव फैडरेशन, लैंड मार्टगेज बैंक, बिस्कोमान, आदि।

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव (गोडडा) : अर्बन बैंक।

श्री मृत्युंजय प्रसाद वर्मा : वह बड़ी संस्था नहीं है (इंटरप्शन) वहां भी बड़ी गड़बड़ हुई है। उनकी वजह से उसके अफसरों को तो जेल भेज दिया गया, सब कुछ हुआ लेकिन जो चैयरमैन थे और जो केवल चैयरमैन ही नहीं थे इनवैस्टमेंट कमेटी के भी चैयरमैन थे उनके खिलाफ भी चार्जिज थे लेकिन उनको किसी ने पूछा तक नहीं। चीफ मिनिस्टरने उन को बिल्कुल अलग रखा और उन के नीचे वालों को है जेल भेज दिया। चीफमिनिस्टर के जाने के कुछ दिन पहले तक तो कुछ नहीं हुआ था। हाल तक उनको निकाला नहीं गया था। बाद में क्या हुआ पता नहीं। अगर किसी की बपौती किसी की सम्पत्ति उसको आप बनने देंगे तो फिर वह अपनी सम्पत्ति को छोड़ेगा ही क्यों ? वह नदी पर जमा रहने की हर सम्भव कोशिश करेगा। अपनी सम्पत्ति को बनाये रखने के लिये दुनिया भर के बुरे भले काम करेगा। लोग क्या कर रहे हैं उस डिटेल में मैं नहीं जाता हूं।

बिहार में एक नियम बना कि कोई छः साल से अधिक आफिस बियरर नहीं रह सकता है इसके बारे में एक आर्डिनेंस हुआ था। यह आर्डिनेंस लैप्स हो गया दुबारा आर्डिनेंस बना। अब किस स्थिति में यह चीज है कहना कठिन है। आप तो जानते ही हैं कि बिहार में आर्डिनेंसों का राज रहा है। उनको कानूनी रूप बहुत कम दिया गया है। उनको कानूनी रूप देने का ख्याल हमारे पुराने चीफ मिनिस्टर साहब को नहीं आया। एक विनोद की बात है थोड़ी तकलीफ भी होती है कहने में। बिहार में कोआपरेटिव सोसाईटीज के बारे में 1912 में कानून बना था। फिर 1935 में वह पक्का हुआ। उसका नाम जो चला आ रहा है वह बिहार एंड उड़ीसा कोआपरेटिव सोसाईटीज एक्ट चला आ रहा है। आज तक भी उस एक्ट से उड़ीसा नाम अभी तक हटाया नहीं जा सका है। गोकि उड़ीसा ने बिहार से हटने के बाद अपना अलग ही एक्ट बना लिया है जिसमें बिहार का नाम नहीं है। और एक हम बिहार वाले हैं जो 1977 में भी उड़ीसा को अपने साथ खामख्वाह जोड़े हुए हैं। तो इससे अनुमान होता है कि कितना अधिक हम इस चीज पर ध्यान देते हैं।

व्यापार में मुझे एक ही बात कहनी है और वह यह कि आप निर्यात के लाभ में पड़ कर ये उन वस्तुओं का निर्यात न कीजिये रुपया कमाने के लिये जिनकी जरूरत यहां बहुत ज्यादा है। ऐसी चीजों का निर्यात कम से कम कीजिये जिनकी पूर्ति दुबारा न होने वाली हो। मिसाल के लिये प्रकृति में हमें खनिज पदार्थ दिये हैं जो वह हमें दुबारा नहीं देगी, अगर आज उनको खत्म कर देते हैं। इस समय भले ही हमें पैसा मिल जाय, लेकिन आने वाली पीढ़िया जैनरेशन उनको कहां से पैदा करेंगी ? कहा जाता है कि बैलाडीला से आयरन ओर बाहर भेजते हैं और उससे काफ़ी विदेशी मुद्रा कमाते हैं। किन्तु माइनिंग में आप को लौस होता है उसकी कमी पूरी करते

[श्री मृत्युंजय प्रसाद वर्मा]

हैं व्यापार में दिखा कर कि रेलवे में हमें इतना मुनाफ़ा हुआ है। तो क्या जापान के लिये हम अपनी सारी की सारी प्राकृतिक सम्पदा खत्म कर देंगे? 100 वर्ष में न सही 1000 वर्ष में खत्म हो जायगी। जितना सामान हम खुद बना सकते हैं उतना ही खनिज पदार्थ निकालें। यहां से और बाहर भेज कर वहां से तैयार माल मंगा करके बीच में बहुत सा पैसा गंवायें, 10 रु० का और भेजें और 100 का माल मंगायें, यह ठीक नहीं है। जितना और हम स्वयं इस्तेमाल कर सकते हैं और उससे माल तैयार कर सकते हैं उतना ही निकालें, और उससे माल तैयार करके बाहर भेज सकें तो भेजें, लेकिन बाहर से तैयार माल मंगाना छोड़ दें। इसलिये यह नीति गलत है कि हम मिनरल्स के निर्यात पर अपना सारा आर्थिक ढांचा रखें। यह बहुत बड़ी भूल हो रही है। वही हाल कोयले का हो रहा है, जिस का निर्यात तो नहीं होता है, मगर ऊर्जा के लिये हमें तेल की बड़ी कमी हो रही है, क्वालिटी कोयले की कमी हो रही है। तो आखिर यह भी तो खत्म हो जायगा। इसी तरह से और बहुत से मिनरल्स हैं जिनकी आगे चल कर के कमी हो जायगी।

जो चीजें हम खुद पैदा करते हैं और प्रकृति हमें दुबारा देगी जैसे जंगलात की चीजें हैं, हम अन्न पैदा करें, जानवर पालें उनके दूध से बना हुआ सामान बाहर भेजें, यह सब चीजें चल सकती हैं क्योंकि वह चीजें हम बार बार पैदा करते रहेंगे। किन्तु जो हम पैदा नहीं कर सकते उनको खत्म कर दें तो मतलब यह हुआ कि आने वाली पीढ़ियां, जैनरेशन के मुंह का अन्न बरबाद कर रहे हैं अपने आराम के लिये, उनकी खुराक छीन रहे हैं अपने ऐश के लिये। यह नहीं होना चाहिये।

आपका व्यापार जो आप के हाथ में है देश के भीतर वह ठप्प पड़ा है बहुत जगह। इसलिये नहीं कि लोगों को सामान नहीं मिलता है, किन्तु इसलिये कि जो कर्मचारी हैं उनका लोगों के साथ ऐसा तौर तरीका है कि सामान कम बिकता है। क्योंकि वह जानते हैं कि सामान बिके या न बिके, जैसे सुपर बाजार हैं, कंज्यूमर्स कोआपरेटिव स्टोर्स हैं, कर्मचारी को वेतन मिलेगा ही। अधिक बिक्री होगी तो उसका लाभ कर्मचारियों को होगा नहीं, और बिक्री कम होगी तो भी कर्मचारी को तनख्वाह तो मिलेगी ही। तो ऐसी हालत में वह क्यों श्रम करें? आज यही स्थिति खादी भण्डारों की है, वहां पर भी कोई काम नहीं करता है। अगर आप बजाज की दुकान पर जायें तो वह एक नहीं, दस कपड़े दिखायेगा, वह कोशिश करता है कि ग्राहक खाली हाथ न लौटे।

लेकिन सुपर बाजार और दूसरी जगहों पर हालत यह है कि आपको जंचे तो लो, नहीं तो न लो। मेरे एक मित्र ने मुझे बताया, एक लोहे की भारी चीज उन्होंने खरीदी। उन्होंने कहा कि जरा पैक कर रस्सी से बांध कर दे दीजिये, इसे खुला कैसे ले जाऊं। उनसे कहा गया कि रस्सी या सुतली तो नहीं है, मत लीजिये, छोड़ दीजिये। आप कैश मीमो दे दीजिये, पैसा लौटा देते हैं। क्या कहीं कोई व्यापारी इस तरह की बात करता है? अगर पैकिंग के लिये छोटी छोटी चीजें उसके पास नहीं हैं तो भी कहता है कि मैं मंगा देता हूं, और उसका इंतजाम करती है। और भी पचासों तरह से उसे राजी रख लेता है। लेकिन इन कर्मचारियों का जवाब तो यह कि हम किस किस चीज के लिये कहां कहां रिक्वीजीशन करते फिरें, किससे मांगें? हमारे पास सामान नहीं है तो क्या करें?

सभी जगहों पर, चाहे को-आपरेटिव हों या और जगह हों, राजनीति के स्तर पर लोगों को नियुक्त कर भेज दिया जाता है। कहीं भी यह नहीं देखा जाता कि उसको जिस काम के लिये बिठाया जाता है, उसका उसे ज्ञान है या नहीं। जैसे कि को-आपरेटिव्ज में जहां बहुत ज्यादा रुपया खर्च होता है, बहुत इन्वैस्टमेंट करना होता है, लोन देना होता है, वहां फाइनेन्शियल एडवाइजर कहिये या और कुछ कहिये, जो भी रहे उसको बैंकिंग की समझ होनी चाहिये। यह कोई नहीं देखता कि उसे इसका ज्ञान है या नहीं। जो चेयरमैन या सेक्रेटरी होता है वह ठीक है सब कुछ जानता है। उनको इसका अन्दाज होता है या नहीं, यह भगवान ही जाने। और फिर नुकसान हो तो इस में आश्चर्य क्या है। जो इसके बारे में जानकारी रखता है, उसके हाथ में कुछ भी नहीं होता है। मेरा कहना है कि जहां बड़ी-बड़ी रकमों की बात हो वहां ऐसा जरूर करें कि टैक्नीकल एक्सपर्ट के हाथ में हां कहने का अधिकार तो हो ही लेकिन उसको इस तरह की वीटो पावर भी हो जाये, जहां उसे ना कहना हो तो कम-से-कम उसकी ना वाली बात अवश्य मानी जाय, माननी पड़े। अगर ऐसा अर्बन को-आपरेटिव बैंक्स में होता तो यह बात न होती।

इन शब्दों के साथ मैं आशा करता हूं कि महाराष्ट्र में जो मंत्री महोदय को अनुभव हुआ है, उसका लाभ सारे राष्ट्र को वह दे सकेंगे।

SHRI VAYALAR RAVI (Chirayinkil): Mr. Chairman, Sir, first of all, I must congratulate my friend Mr. Mohan Dharia for his ability to rule over this big empire. But I would like to draw his attention first to the alarming situation of the soaring prices as on date. I am not looking at it from the political angle, but from the realistic angle. Even Emergency could not do anything with the prices. It has been clear and evident from the fact that during early six months of 1976 the prices rose by 11%. But in the later part of 1976 there was a decrease and it was less than 1% according to your own report. It is very clear that in the last quarter of 1976-77 i.e., during the last three months of the financial year, the prices have gone up by 2.7%. But in the last three months the prices have gone up high. May I draw the attention of the hon. Minister to the fact that the increase in the price level of primary articles like foodgrains, cereals, pulses and vegetables, milk and milk products, egg, fish and meat was 16.8% I used to go to the market to purchase eggs and meat. Their prices have gone up very much. It is true that they have risen by 16.8 per cent. The general price level has gone up by 10%. If you take food articles like fruits, their prices have gone up by 29.4% in the last three months. The prices of foodgrains have gone up by 11.7% while the prices of vegetables have gone up by 27.6. This is not a matter of political accusation. It is a matter of grave concern to every one of us. It must be tackled in a way that we are able to feed the poor people. We have to find a strategy to control the prices. I want to know what strategy the minister proposes to adopt. The previous government resorted to the method of cutting money supply and reducing the demand. It can be a shock treatment which can be given for a short time but it cannot be the permanent feature of the economy. Unfortunately, the present government also is adopting the same method of controlling money supply and demand. This will not generate growth and this is not good economics. I appeal to the minister not to resort to this method. It was all right to adopt it during the emergency having compulsory deposits and all that. But now there should be a new method of greater production and better distribution. I agree that it is a good beginning to have a thousand janata shops, but only a proper public distribution system can control the prices of essential articles. After all, there are hardly 5 or 6 essential things which the rural poor require—rice or wheat, a little sugar, a little kerosene a little oil and a piece of cloth. In the case of the urban people the requirements are a little more. Not only the government but all of us will be failing in our duty if the rural poor are not able to get these essential articles at reasonable prices.

At present the production and prices of all essential consumer goods, from toothbrush to edible oil, are controlled by a few monopolists over whom the government have no control. We have

[Shri Vayalar Ravi]

to look at the problem from two angles—the needs of the rural population and the needs of the urban population—and control the price level because the people are suffering very much.

The Commerce Ministry—Whether it is the previous government or the present government—deserves congratulations for their better performance. But I want to point out certain things. According to your own report, the world trade has gone up in volume by 11% and in value by 10%. But what is our share in it ? You say it is appreciable, but it should be a little more appreciable.

I want to draw attention to UNCTAD IV. Even before that, in the meeting of the Group of 77 in Manila, the Government of India took the position that the developing nations should mobilise all their forces and take a joint stand in basic questions. So far as the Nairobi UNCTAD meeting is concerned, India could play an important role in putting up a strong case for the developing nations. We could very well see the arrogant position taken by the United States like a big brother and throwing a political challenge to the developing nations. We have to take certain basic decisions in this regard in the international conferences. Even today big nations like the United States may not change their attitude, because they are concerned with political attitude and matters. India and the other developing nations of the Group of 77 have been exploited all along. We have to prevent this exploitation and stand on our own legs. We should question the big brother attitude of the United States. In UNCTAD IV, we did it to some extent, but nothing came out of it excepting a resolution on commodity world trade or something like that. Nothing more was achieved in UNCTAD IV. According to your own report, our export trade with the United states is only 0·5% as against 12·4% of the Latin American countries. This is because of political considerations of the United States. You must have that basic understanding when you are taking up the whole question of the improvement of the trade of developing countries.

Then I come to the export surplus. This export surplus is Rs. 72 crores. Of course there is an improvement in the export trade, but it is mainly due to the reduction in imports. I cannot understand, Sir that in 1976-77 there was a huge increase of 39 per cent in imports. Even though we had a good surplus in fertilizer and improvement in production, yet we had gone in a huge way for the import of these things which comes to over Rs. 1000 crores. If you analyse the situation, Sir, I believe we could reduce the import completely and make more than Rs. 72 crores surplus and we could establish a good trend in the export trade. But at the same time when we are continuing this trend of export, I think the Minister has to look into this carefully to find out which are the areas where we could cut down the imports as much as possible because I find during the last year there was a lavishness in the issue of import licences because they say we got a surplus of foreign exchange in our hands. So we issued the import licences lavishly. It went up to 39 per cent. That is why we could not have save more money and it was only Rs. 72 crores.

Then, Sir, regarding our effort for export to the hard currency areas, I can see that a good effort is made for export to the hard currency areas. In this connection, I would like to stress the need for more trade with the EEC nations. I agree and appreciate that there is an increase of 65 per cent to EEC. It has gone up to Rs. 1,047 crores. But, I think, Sir, there is an agreement on coir, an agreement on jute and coal and on different areas of steel, sugar etc. I wish that more efforts have to be made to see that more areas are found out for export and more share of export to the EEC nations. In Latin America there is an improvement. Among the Gulf countries, I find there is a reduction in exports to Iraq. I would like the Minister to examine as to what happened to our exports to Iran. There is not much improvement in our trade relations with Gulf countries. Many Indians are living in the Gulf countries and we can improve the trade relations.

Lastly, Sir, I come to the commodity items with which we are very much concerned. You please allow me a few minutes more. This is about coffee, coir, rubber, cardamom, marine products and so on and so forth. These are the traditional items which need encouragement. Here I found an anomaly. You will agree with me, Mr. Chairman, that this is very interesting. Kerala earns a miniumm of about Rs. 300 crores of foreign exchange every year. Now it has gone up to Rs. 500 crores.

MR. CHAIRMAN : What about coconuts ?

SHRI VAYALAR RAVI : Coconuts on which you are also interested will come last. Here I can say that MDA has spent about Rs. 160 crores. Your cash subsidy has gone up to Rs. 139 crores. As regards engineering goods, I congratulate them for the export of goods worth Rs. 550 crores. I agree, it is a good

performance. But you have given a cash subsidy of Rs. 80 crores. These are finished goods and products. We have given a cash subsidy of Rs. 139 crores and MDA spending was about Rs. 160 crores. I would like to appeal to the hon. Minister to find out what encouragement is given to coffee, rubber, cardamom and other marine products. I can tell you, hon. Minister, It is 'NIL' But you are harming us, punishing the grower. Take for example, coffee. This is a very serious matter. According to your own report, 57000 tons of coffee were exported and we earned Rs. 140 crores. The unit value per quintal is 2,456 You want to kill the goose that lays the golden egg. Then what did you do ? The duty of Rs. 500 was increased to Rs. 1300. Then we all came, represented and begged the Minister to reduce it. What did you do ? You increased it to Rs. 2200 per quintal. Then again representations were made and you reduced it to Rs. 1600. This is big trick you played on us. Now, the duty we have to pay is Rs. 1600. This duty of Rs. 1600 had been introduced when the price was Rs. 2500/- per quintal. Today according to a telex message, it has been sold only at Rs. 1500/- They are unable to sell coffee; they have withdrawn from the market. The duty is Rs. 1600/-. It is a very heavy. Once you were paying cash subsidy to the industrial products, to the extent of Rs. 140 crores. To-day you are burdening the poor coffee growers numbering lakhs in Karnataka Tamil Nadu and Kerala have to pay duty.

17 hrs.

I know that your Janata Government preaching for the farmers to come up. But you are punishing the farmers of coffee, rubber and cardamom. In cardamom, you have increased the duty. Again, the rubber gives employment to 1,80,000 People, Please check up the statistics. The small grower, 1,50,000 in Kerala alone. We produce 1,72,000 tonnes of rubber. The consumption is only 133,000 tonnes. It is surplus today by a minimum of 40,000 tonnes. Do they not deserve encouragement ? But what did the government do ? they have stopped the subsidy i.e. the replacement subsidy. It was given from the rubber cess fund. It is put in the Consolidated Fund of India. The price has also come down. The cost has gone up to Rs. 900 but the price is only Rs. 600/- Please fix the statutory price at Rs. 1000/- per quintal.

Lastly about fish. What are you doing about marine products ? Are you doing anything ? I am not blaming you ; you have come just now. I am repeating my old arguments. I had requested the earlier government to do something. They did nothing. There are 10,000 boats in the east and west coasts. Government did nothing to help them. They have only introduced a licencing system for these fishing boats. It is a hurdle. Without any encouragement, we are earning Rs. 186 crores, without any investment and the target is Rs. 210 crores. Do they not deserve encouragement ? On the other hand you prosecute them. But Tatas and Birlas entered the field to export. Even they are at loss. Because they enjoy benefit of Export House.

Lastly about coconut in which we are all interested. Coconut oil is used as edible oil in Kerala. In other parts of the country it is not used so. It is used as an industrial oil there. All over the western coast, coconut is being produced. The economy of Kerala is dependent on coconut. About Rs. 700 crores is the income from coconut. The previous government harmed Kerala by deciding to import coconut oil. We requested them not to do so. I made repeated requests that the import should be stopped. It was not stopped. So, I appeal to the hon. Minister to look into the question from the point of view of the people of Kerala, irrespective of thir political affiliations, the State government and the Members of parliament coming from that area. Please stop the import of coconut oil as also withdraw the reduction in the import duty. Let me conclude with the hope that our problems Will be viewed sympathetically, there will be more production our country will prosper and we will earn more foreign exchange

श्री वर्मसिंह भाई पटेल (पोरबन्दर) : सभापति महोदय, माननीय वाणिज्य तथा नागरिक पूर्ति और सहकारिता मंत्री जी जो मांगें ले कर इस हाउस में आए हैं, उन मांगों का मैं समर्थन करता हूं ।

मैं दो तीन बातों पर खास तौर से मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करने के लिए खड़ा हुआ हूं । पहली बात यह है कि सरकार ने जो वायदा बाजार आयोग बनाया है, वह मूंगफली, मूंग फली के दाने, मूंगफली के तेल, रूई बिनोले और अरण्डी आदि के वायदे के बारे में क्या करते हैं वे लोग हमारे यहां पोरबंदर, राजकोट, जामनगर, माणा-वदर और धाराजी में अधिकारियों की ओर से गैर धोरण वायदा बाजार चलता

[श्री धर्म सिंह भाई पटेल]

है । यह गैर-धारण वायदा बाजार उन अधिकारियों की तरफ से चलाया जाता है जिसमें उन को 500, 500 और हजार हजार रुपए मासिक पगार मिलता है। कुछ दिखावे के लिए वे कहीं कहीं पर रेड कर देते हैं । इसलिए मेरा कहना यह है कि भारत सरकार की ओर से क्यों न इस वायदा बाजार को अच्छी तरह से धारण कर चलाया जाए। इस पर जो रोक लगा रखी है उस को हटाना चाहिए और वायदा बाजार को मंजूरी देनी चाहिए । राजकोट-धाराजी-माणावदर-जामनगर-पोरबंदर में जो यह बाजार-वायदा बन्द किया गया है, उसको फिर शुरु करने की जरुरत है । उसपर अगर चार्ज लगाया जाए, तो भारत सरकार को 10 करोड़ रुपए की आमदनी हो सकती है । हमारे सौराष्ट्र में आज से 12 साल पहले वायदा बाजार चल रहा था और उससे देश को 50 लाख रुपए की आमदनी थी । तो मेरा सुझाव यह है कि वायदा बाजार आयोग को इस की जांच करनी चाहिए और मूंगफली के दाने, तेल और दूसरी सब चीजों जैसे रुई, बिनौले का वायदा बाजार फिर से शुरु करना चाहिए ।

दूसरी बात यह है कि किसानों को कृषि के लिए कर्जा लेना पड़ता है । हमारा जो रिजर्व बैंक है, वह किसानों के लिए 7 प्रतिशत के हिसाब से राज्य सहकारी बैंकों को कर्जा देता है । राज्य सहकारी बैंक जिला सहकारी बैंक को कर्जा देता है जिला सहकारी बैंक ताल्लुका में सहकारी बैंक की शाखाओं को कर्जा देता है और वे गांव में जो सहकारी सोसाइटियां हैं उन्हें कर्जा देता है । इस तरह से किसानों को 12 से 15 पर सैन्ट पर सोसाइटी के कर्जा मिलता है । हमारे रिजर्व बैंक और भारत सरकार की नीति तो बहुत अच्छी है कि वह 7 प्रतिशत पर किसानों को कर्जा देती है लेकिन इतनी ज्यादा एजेंसिज होने के कारण किसानों के हाथों में वह 15 प्रतिशत पर पहुंचता है । जब ऐसी बात है तो इस से किसान को क्या विशेष सुविधा दी गई है क्योंकि 15 प्रतिशत पर तो व्यापारियों से भी उस को कर्जा मिल जाता है । इसलिए मेरा यह कहना है कि इतनी सारी एजेंसियां जो हैं, उन को निकाल देना चाहिए । किसान को राज्य सहकारी बैंक, राज्य भूमि विकास बैंक और अन्य राष्ट्रीय कृत बैंकों से भी कर्जा लेना पड़ता है । ऐसा क्यों न किया जाय कि एक ही संस्था हो जो किसानों के लिए सारे कर्ज का प्रबंध कर दे और ज्यादा से ज्यादा 9 प्रतिशत पर किसानों को कर्जा मिले और सारे देश में एक ही तरीका होना चाहिए । ऐसा मेरा सुझाव इस सम्बन्ध में है ।

तीसरी बात मैं यह कहना चाहूंगा कि मूंगफली, सरसों और अरण्डी जैसी हमारे देश में पांच प्रकार की तेलीबियां होती हैं और उन का उत्पादन लगभग 80 लाख टन होता है । इस देश में भारतीय चाय निगम है, भारतीय काजू निगम है, भारतीय रुई निगम है, भारतीय रबड़ निगम है और भारतीय काफी निगम है । जब मूंगफली और सब तेलीबियां का 80 लाख टन का उत्पादन हमारे देश में होता है, तो क्यों न इसके लिए भी एक निगम की स्थापना की जाए जो इन बातों को देखे कि कैसे इन की अच्छी फसल कर सकते हैं और कैसे तेलीबियों का उत्पादन बढ़ा सकते हैं तथा दूसरी जो इन की समस्यायें हैं, उन को सुलझा सकते हैं ।

थोड़े दिन पहले मंत्री जी ने एक सुझाव देश के सामने रखा था कि गत वर्ष में साढ़े बारह लाख टन मूंगफली खोल का निर्यात किया और चालू साल में साढ़े सात लाख टन मूंगफली खोल के निर्यात का लक्ष्य रखा है। इसमें से पांच लाख टन मूंगफली खोल का निर्यात हो गया है। अभी 6 महीने बाकि हैं, इस 6 महीने में मूंगफली की खली का क्या निर्यात करेंगे ? माननीय मंत्री जी ने दो लाख टन मूंगफली की खली मुर्गे और कुकरे के लिए रिजर्व रखी हैं। इस मूंगफली की खली का बाजार में भाव 1700 रुपये टन है लेकिन मुर्गे और कुकरे के लिए 1200 रुपये टन का भाव रखा गया है। यह बात गलत है। कम दाम रखने से वे लोग खरीद कर बाजार में खुले रूप से कालाबाजार करते हैं। यह जो इन उद्योगों के लिए भाव पर पाबंदी लगायी है यह अच्छी बात नहीं है। माननीय मंत्री महोदय इस संबंध में ठीक से सोच-विचार करें और मूंगफली की खली का निर्यात पूरे छह महीने तक चालू रखें।

सभापति जी, कांग्रेस सरकार ने एक प्रगति की है। वह है सभी जगह लाइसेंस, परमिट, कंट्रोल, कोटा नियम बना दिया। हमारे राष्ट्रपिता गांधी जी ने कहा था कि "कम कायदे, कम कर, इसका नाम स्वराज्य" है। मैं एक दुकान में गया तो उस दुकान में लाइसेंस पत्र की बीस छवियां मैंने देखीं। उस दुकान में भगवान और कुटुम्ब की छवियां तो उतार कर रख दी गयीं, लेकिन लाइसेंस पत्रों की छवियां लगा दी गयीं। क्या हम भी ऐसा राज चलाना चाहते हैं ? जनता पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में यह घोषणा की है कि हम गांधी जी के रास्ते पर चल रहे हैं और चलते रहेंगे। तो हमें यह लाइसेंस परमिट कोटा राज खत्म करना पड़ेगा। एक दुकान और उद्योग वाले के पास एक महीने में 12-13 इंस्पेक्टर लोग आते हैं और जांच ले जाते हैं। कभी कभी एक-एक दिन में दो-दो इंस्पेक्टर आते हैं। वह दुकानदार और उद्योगवाला क्या व्यापार करे, क्या सरकार को भेजे ? हम पांच साल में इतना कर सकते हैं कि जो एक दुकानदार या उद्योगवाला अपनी दुकान में कंट्रोल, लाइसेंस की 20 छवियां लगाता है, उनमें से 10-15 छवियां तो कम कर सकते हैं। अगर हम ऐसा करेंगे तो गांधी जी ने जो रास्ता हमें दिखाया है उस पर हम आगे बढ़ेंगे। हमें गांधी के रास्ते पर आगे बढ़ने की कोशिश करनी चाहिए।

हमारे सौराष्ट्र में राणाराव, पोरबंदर और सिक्का की सीमेंट फेक्ट्रियां हैं। गुजरात के लिए अप्रैल से जून तक का कोटा 307500 मीट्रिक टन सीमेंट अलोट करने का था लेकिन अभी तक—जून मास पूरा होने वाला है—गुजरात को 146807 मीट्रिक टन सीमेंट मिल पाया है। गुजरात को सीमेंट का पूरा कोटा मिलना चाहिए। हमारे सौराष्ट्र में मजदूरों और किसानों को कालेबाजार में सीमेंट लेकर काम चलाना पड़ता है।

मैंने जो ये दो-चार बातें कही हैं आशा है मंत्री जी इन पर विचार करेंगे। फिर भी मैं यह कहना चाहता हूं कि (i) किसानों को सात प्रतिशत ब्याज की दर से कर्जा मिलना चाहिए। (ii) मूंगफली, मूंगफली के दाने, मूंगफली के तेल, रूई, बिनोले वगैरह का धोरणसर वायदा शुरु करने की मंजूरी दी जाये। (iii) मूंगफली, सरसों, एरंडी जैसे तेलीबियां का भारतीय निगम बनाया जाये। (iv) किसानों के लिए एक ही सरकारी संस्था या बैंक में से 9 प्रतिशत ब्याज से कर्जा मिले। (v) मूंगफली के खोल के निर्यात के लिए जो पाबंदी या नियमन किया है वह हटा दिया जाय। मैं मंत्री जी से प्रार्थना करूंगा कि वे मेरे सुझावों पर विचार कर अमल करें।

श्री तेज प्रताप सिंह (हमीरपुर) : सभापति महोदय, सहकारिता मंत्रालय के जो अनुदान की मांगें पेश की गई हैं उनका समर्थन

[श्री तेज प्रताप सिंह]

करते हुए मैं सदन का बहुत थोड़ा समय लूंगा। मंत्री महोदय का ध्यान मैं सहकारिता आन्दोलन की ओर दिलाना चाहता हूं। इस आन्दोलन के साथ कांग्रेस सरकार द्वारा जो खिलवाड़ की गई है उसकी ओर मैं आपका ध्यान आकर्षित करता हूं। यह सौभाग्य की बात है कि इस मंत्रालय का भार ऐसे एक व्यक्ति के हाथ में है जिससे हमें बड़ी आशाएं हैं। मैंने निजी रूप से जो बातचीत उन से की है उससे मेरा यह विश्वास दृढ़ हो गया है कि वह इस आन्दोलन को एक नया रूप देंगे। सहकारिता आन्दोलन का संसार भर में सर्वमान्य जो सिद्धांत है उसका वे आदर करते हैं यह आभास मुझे उन से बातचीत करने के बाद मिला है।

कांग्रेस सरकार ने गत वर्षों में जो दस्तंदाजी सहकारिता आन्दोलन के साथ की है वह नितांत निन्दनीय है। बड़े ध्यानपूर्वक मैंने शिंदे साहब का भाषण सुना है। वह सहकारिता मंत्रालय में स्टेट मिनिस्टर रहे हैं। उनके समक्ष भी ये सब बातें आती रही हैं। सहकारिता आन्दोलन में काम करने वाले नेता एवं कार्यकर्त्ता उनके ध्यान में ये बातें लाते रहे हैं लेकिन उन्होंने कुछ कार्यवाई नहीं की है। सहकारिता आन्दोलन तभी सफलता के साथ चल सकता है जब उसके सर्वमान्य सिद्धांतों पर आचरण किया जाए। मैं उत्तर प्रदेश से आता हूं और वहीं की बात मैं बताता हूं। सहकारिता आन्दोलन का यह सर्वमान्य सिद्धांत है कि उसके प्रबंधक जो हैं, जो उसके संचालक हैं ये सभी चुने हुये होने चाहियें। लेकिन गत वर्षों में जितने भी उलट-फेर उस राज्य के सहकारी कानूनों में किए गए वे निन्दनीय हैं। उनमें सहकारिता के सिद्धांतों की अवहेलना की गई। आप सुन कर ताज्जुब करेंगे कि हमारे यहां पर चुने हुए संचालकों को अकारण भी हटाया जा सकता है किसी भी बड़ी से बड़ी संस्था में और सिर्फ इस कारण से हटाया जा सकता है कि किसी अंश में सरकारी पूंजी उस संस्था में लगी हुई है। चूंकि कुछ अंशों में सरकारी पूंजी उसमें लगी हुई है इस वास्ते दो तिहाई संचालक भी वहां सरकार नियुक्त कर सकती है। दुनिया के किसी भी देश में ऐसा नहीं होता है। यह कारण बताना कि सहकारिता आन्दोलन में चूंकि सरकार ने पूंजी लगाई हुई है इसलिए उसको दखल देने का अधिकार प्राप्त है ठीक नहीं है। बहुत से देशों में मुझे सहकारिता आन्दोलन का अध्ययन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है कहीं भी ऐसा नहीं है कि वहां चुने हुए संचालकों को, अध्यक्षों को राष्ट्रीय या प्रान्तीय स्तर पर इस तरह से हटाया जा सकता हो। उनको बड़ा सम्मान वहां दिया जाता है। जब सरकार बजट बनाती है, सहकारिता आन्दोलन की प्रगति के लिए प्राविजन करती है तो उन से वहां बराबर परामर्श किया जाता है और एक सम्मानजनक स्थान उनको दिया जाता है। यहां दुख की बात है कि बड़े से बड़े राष्ट्रीय स्तर की संस्थाओं तक से कभी कोई परामर्श नहीं किया जाता है। जो भी कानून बने हैं। जब भी कोई मांगें रखी जाती हैं हमारे देश में उनके बारे में किसी भी संस्था से कभी कोई परामर्श नहीं किया जाता है। मैं मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि जो आकांक्षायें इस जनता सरकार से जनता की हैं उसमें एक आकांक्षा यह भी है कि जनता सरकार द्वारा कभी भी किसी भी सहकारी संस्था में कोई हस्तक्षेप नहीं किया जायगा। किसी प्रकार से, किसी बहाने से, चाहे कुछ भी अंश पूंजी हो हम उस के मैनेजमैंट में संचालक मंडल में दो तिहाई या आधे से ज्यादा संचालक नियुक्त नहीं करेंगे और उन को आजादाना तरीके से काम करने दिया जाना चाहिये।

माननीय शिन्दे साहब कह रहे थे कि सहकारी संस्थाओं में बड़ा खराब काम हुआ है। यह दुर्भाग्य है हमारे देश का कि जहां देखिये वहीं गंदगी नजर आती है, कोई भी विभाग हो, कार्य क्षेत्र हो वह देखा गया, हमारी कार्य प्रणाली चाहे जैसी हो, कि हमारी बड़ी ही

निंदनीय स्थिति है हर क्षेत्र में । लेकिन उस को बढ़ा-चढ़ा कर कि सहकारी आन्दोलन में सारा भ्रष्टाचार आया हुआ है, यह स्वयं एक निंदनीय बात है, और यह एक बहाना है । मैं आप को उदाहरण दे तमाम संस्थाओं में, चाहे प्रादेशिक स्तर की हों या छोटे स्तर की, हर जगह कांग्रेस सरकार ने ऐसे लोगों को नामजद किया है जिनका सहकारी आन्दोलन में कोई वास्ता नहीं है । मेरे प्रदेश में ऐसे सैकड़ों उदाहरण मिल जायेंगे कि जिनको कोई अक्षर ज्ञान नहीं है सहकारी आन्दोलन का, वे उसके न सिर्फ संचालक बनाये गये हैं, बल्कि उपाध्यक्ष बना दिये गये हैं । उन से क्या आशा की जा सकती है ? वह कभी सहकारी आन्दोलन को न तो समझते हैं और न कुछ कर सकते हैं । राष्ट्रीय स्तर पर हमारी बहुत सी संस्थायें हैं जैसे नेशनल कोआपरेटिव यूनियन आफ़ इंडिया है जिस का मैं सालों उपाध्यक्ष रहा हूं, लेकिन कांग्रेस के जमाने में कभी कोई मान्यता ऐसी संस्थाओं को नहीं दी गई । मुझे अपेक्षा है कि जो सहकारिता का सिद्धान्त है कि किसी भी दल का व्यक्ति अगर चुन कर के आता है और उपाध्यक्ष या अध्यक्ष बनता है सहकारी संस्थाओं का तो उन पर कोई दबाव नहीं दिया जायेगा और उनको पूरा सम्मान दिया जायगा । यह है हमारी जनता पार्टी का दृष्टिकोण जो हमारे माननीय मंत्री जी अपनायेंगे, और जो नियम बने हुए हैं प्रदेशों में, उनको इसी सिद्धान्त पर ढालेंगे ।

एक बड़ी भारी इन्टरनेशनल कोआपरेटिव ऐलायेंस नाम की संस्था है, उन की जानकारी में जब यह बात आयी कि हिन्दुस्तान के सहकारी आन्दोलन में कांग्रेस सरकार ने कितने ही सिद्धान्तों का हनन किया हुआ है तो उन्होंने एक पत्र लिखा था सरकार को और उस पर यहां से लिखा गया कि हमने छानबीन की है और कुछ सुझाव दिये हैं । मुझे मालूम है व्यक्तिगत रूप से कि उस पर कोई अमल नहीं किया गया । मुझे जानकारी नहीं है क्या लिखा गया, और न इस रिपोर्ट से स्पष्ट होता है । इसलिये मेरा सुझाव है कि कम से कम जो राष्ट्रीय स्तर पर नेशनल को ऑपरेटिव यूनियन आफ़ इंडिया नाम की संस्था है, और भी कोई संस्था जिसको मंत्री जी उचित समझें, उन को बुला कर के चाहे ऐडवाइजरी कमेटी के रूप में या चाहे जिस रूप में हो, किसी प्रकार का एक माडल ऐक्ट सारे देश में बनना चाहिये जिस में सहकारी सिद्धान्तों की रक्षा हो ताकि हम सही रूप से उस में कार्य कर सकें और प्रगति ला सकें । ऐसा कुछ करना चाहिये । उन को हमें मान्यता देनी चाहिये ।

मैं सहकारी आन्दोन के सम्बन्ध में एक बात और कहना चाहता हूं कि हर दो, चार वर्ष में हमारी सहकारी समितियों का स्वरूप बदल जाता है । कभी-कभी तो यह तय हुआ पिछले 10, 15 वर्ष पहले कि हर गांव में एक सहकारी समिति होगी । 15, 20 हजार समितियां हमारे प्रदेश में बन गई, और उस से ज्यादा भी बन गई । उसके बाद फिर यह तय हुआ कि इस का आफ़िस ठीक से मेन्टेन नहीं होता है, इसका रेकार्ड ठीक से नहीं रखा जाता है इसलिये वायविल यूनिट होनी चाहिये और जा कर के लार्ज साइज सोसायटी बना दी गई । कुछ दिनों उसका भी अनुभव किया गया, वह एक्सपेरीमैंट भी चलता रहा । अब विगत 2, 3 वर्षों से ऐसा किया जा रहा है कि 3, 4, 5 गांवों को मिलाकर सोसायटी बना देते हैं, न वह लार्ज सोसायटी होती है, न स्माल, एक विचित्र बीच की स्थिति हो जाती है । हर 3, 4 साल में उसका स्वरूप बदल देते हैं । कभी स्थिर नहीं रह पाती है । पता नहीं लगता कि कौनसा आदमी किस सोसायटी का सदस्य है । यह एकरूपता होनी चाहिये । बहुत गांवों को मिलाकर यदि समीति बनाई जाती है तो वह ठीक से को-आपरेटिव नहीं रह पाती है 4, 4 और 6, 6 मील से डायरेक्टर्स उसके चुने जाते हैं, वे बैठते नहीं

(श्री तेज प्रताप सिंह)

जो सचिव और सुपरवाइजर होते हैं, वह मनमानी करते हैं, कभी डायरेक्टर्स इकट्ठे नहीं हो पाते हैं और सभापति वगैरः कोई नहीं देख पाता है। मैं समझता हूं कि सभी सहकारी नेताओं को बैठकर इन सब पहलुओं पर विचार करना चाहिये कि इसका क्या रूप हो। उसकी व्यवस्था को समझना चाहिये ताकि जो स्वरूप स्थिर किया था और कल्पना की थी मिश्रित इक नामी हो, जैसा साठे जी ने कहा है, वह मिश्रित इक नामी में हम समझते हैं कि चाहे पब्लिक सैक्टर हो या प्राइवेट सैक्टर हो, को-आपरेटिव सेक्टर बलवान बनता है। इससे हम सारी समस्याओं को हल कर सकते हैं।

हमारी पंचवर्षीय योजनाओं में जहां तक लिखने का सम्बन्ध है, कांग्रेस सरकार ने इसको बहुत महत्वपूर्ण स्थान दिया है, लेकिन किया उल्टा ही है। कार्यरूप में उसको परिणत नहीं किया है। यह हमारी आर्थिक प्रगति का एक साधन होगा और सामाजिक परिवर्तन का भी साधन बनेगा, ऐसा सभी मानते हैं। लेकिन उसको बलिष्ठ, पुष्ट बनाया जाये, तभी यह हो सकता है। मैं समझता हूं कि जनता पार्टी की सरकार इसमें सफल होगी और सहकारी आन्दोलन को अपने कार्यकाल में बलवान मूवमेंट बनाने में सफल होगी। जिससे आर्थिक जगत और सामाजिक समस्याएं हल हो सकेंगी।

मैंने अखबारों में पढ़ा, माननीय मंत्री जी ने इसकी योजना रखी है बीकर मैक्शन्स के लिये। जैसा कहा जाता है, यह सही है कि सुपर बाजार जो खुले हुए हैं, ये बड़े बड़े शहरों में हैं और बड़े बड़े लोगों के लिये हैं। वह तो खूब खरीद-फरोख्त कर लेते हैं, लेकिन साधारण जनता, कामन मैन उससे सम्बन्ध नहीं जोड़ पाता है। ऐसा ध्यान रखें कि जो 1000 शुरू करने वाले हैं, वह ऐसी जगहों पर खोलने चाहियें जहां छोटे लोग हों, जिसमें सही कीमत पर उनको सामान मिल सके। मैं इस दृष्टिकोण की प्रशंसा और सराहना करता हूं।

मैं गांव-गांव में जब भी अपने क्षेत्र में घूमता हूं तो मजदूर लोग दिखलाते हैं कि यह गन्ना हमको थोड़ा मिला है, एक किलो से भी कम मिला है। कृषि की दयनीय स्थिति है। मैंने मजदूरों से पूछा कि इसका क्या इलाज किया जाये। उन्होंने कहा कि पानी की व्यवस्था कर दीजिये, किसान पुष्ट होगा, उसकी पैदावार अधिक होगी तो हमारी मजदूरी बढ़ेगी। जब किसान का प्रति एकड़ हमारे इलाके में ढाई, तीन मन पैदा होता है, तो वह उसमें क्या मजदूरी दे सकता है, उसे खुद खाने के लिये मुश्किल है। तो ऐसा इंटर डिपैंडैंट है। अगर हम पूर्ति विभाग के लिये कहें कि साहब अपने डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम के लिये कुछ करें तो क्या वह जादू करेंगे? कुछ नहीं कर सकते।

हम यह कहते हैं कि आपने 30 साल में कृषि को इस तरह से गड़बड़ कर रखा है कि उसकी कोई नोटेबल तरक्की नहीं हुई है। जैसे कह रहे थे कि एडीबल आयल की बड़ी कमी है उसकी कीमत 12, 13 रुपये हो गई। उसकी पैदावार नहीं बढ़ी। मेरा कहना है कि जब सिंचाई का साधन 25 प्रतिशत से ज्यादा नहीं बढ़ा तो सरसों कहां से आयेगी और कैसे एडीबल आयल की वृद्धि होगी। तो यह कोई जादू कर सकेंगे, ऐसा संभव नहीं है।

मैंने इस बात पर बहुत विचार किया है कि शक्कर की दो तरह की कीमत क्यों हैं। नेताओं, बड़े लोगों, ब्यूरोक्रेट्स और शहरों में रहने वाले सफेदपोशों की चीनी 2 रुपये किलो पर मिलती है। जहां एक प्रतिशत लोगों का सम्बन्ध है, कांग्रेस सरकार की ओर से यह कोशिश की गई कि उन्हें शक्कर भी न मिल पाये। गांव में रह कर मुझे दो

साल तक गुड़ की चाय पीनी पड़ी। जो छः, दस बोरे चीनी महीने में मिलती है, उसमें से आधी तहसील हैडक्वार्टर में ही बिक जाती है, और ग्रामीण लोगों को खुले बाजार में 4, 5 रुपये किलो पर खरीदनी पड़ती है। इस अवस्था को अविलम्ब खत्म किया जाये। चाहे जो भी कीमत फिक्स की जाये, लेकिन ईश्वर के नाम पर, जनता सरकार के नाम पर, इस को खत्म कर दिया जाये। हमारे देश में इस प्रकार दो तरह की कीमत नहीं होनी चाहिए। यह बदनामी की बात है।

जिस तरह से जब तक इकानोमी को डीसैंट्रेलाइज नहीं किया जायेगा, तब तक भ्रष्टाचार खत्म नहीं हो सकता है, उसी तरह जब तक हम शासन प्रबन्ध में शक्ति को विकेन्द्रित नहीं करेंगे, तब तक भ्रष्टाचार खत्म नहीं होगा।

यह बजट जल्दी में बना हुआ है। मैं समझता हूं कि शायद इसी कारण इसमें सहकारिता के लिए बहुत कम रुपया रखा गया है। अगर इफको की फैक्टरी जल्दी इनस्टाल हो सके, तो उससे हमारे क्षेत्र में बहुत तरक्की होगी। एन० सी० डी० सी० जैसी जो बड़ी-बड़ी संस्थायें हैं, उन में कोई कोआपरेटर शायद नामिनेटिड हों। अच्छा तो नामीनेशन नहीं होना चाहिए, लेकिन अगर नामीनेशन करना ही है, तो ऐसे लोगों को चेयरमैन नियुक्त किया जाये जो सहकारी आन्दोलन में काम कर चुके हैं, जो आनेस्ट हैं और अच्छा काम कर सकते हैं। तभी सहकारी आन्दोलन आगे बढ़ सकेगा। सहकारी आन्दोलन सहकारिता के सच्चे सिद्धान्तों पर ही चलना चाहिए; उसके बगैर हमारी तरक्की नहीं हो सकती है। मुझे आशा है कि मंत्री महोदय के नेतृत्व में सहकारी आन्दोलन निरन्तर प्रगति करेगा। यह आवश्यक है कि वह इस के लिए सहकारी आन्दोलन के कार्यकर्ताओं से परामर्श करते रहें, चाहे वे किसी भी पोलीटिकल पार्टी के हों।

इन शब्दों के साथ मैं इन मांगों का समर्थन करता हूं और आशा करता हूं कि हमारी सरकार के अन्तर्गत हमारे क्षेत्र में बड़ी तरक्की होगी।

SHRI CHITTA BASU (Barasat): Mr. Chairman, Sir, I rise to support the Demands for Grants now under discussion, subject, of course, to certain comments which I would like to make in this connection. I venture to make these comments because I have got great expectations from the hon. Minister as, I believe, he is a person of commitment towards socialist directions of our economy. Naturally I expect from him that he would not only be as committed as he was earlier but also pursue the path without any wavering. I would also urge on him to see whether it is possible to reverse certain processes which would be required for taking the country towards the socialist directions of our economy. I particularly mention two vital aspects of our economy which are under his direct control and supervision, namely, jute and textiles. These are the two important and vital arteries of our national economy.

Firstly I would like to mention certain aspects of the jute industry. I think, the hon. Minister will agree with me that the jute industry is today in the throes of a deep crisis. I do not like to join issue with him, but, I think, he will agree with me that the basic reason for this deepening crisis in the jute industry is primarily mismanagement, fraud and diversion of superprofits by the captains of the jute industry. If he does not agree, I have nothing to quarrel with him, but his predecessor, belonging to the Congress Party, Prof. D.P. Chattopadhya had officially agreed that the basic reason for the crisis in jute industry was due to the fault of the captains of the industry. My question at this time is : what are the specific proposals of the Government of India to save the industry from the crisis?

Here, the question of the availability and prices of the raw jute occupies a very important position in the whole jute economy. Since the time at my disposal is very short, I would only say that the availability and the prices of the raw jute constitute the basis of the problem. That being the case, the jute growers of West Bengal, Assam, Orissa and Bihar have been denied their legitimate due. If I

[Shri Chitta Basu]

am permitted to quote certain non-official agencies, I may point out that during the last thirty years of Congress rule, the poor agriculturists of West Bengal, Bihar, Orissa and Assam have been deprived of more than Rs. twenty-five thousands or this much amount has been forcibly snatched away from them. Had this amount been there in the States concerned, they would not have been as they are today: they would not have been under developed or the regional imbalance would not have been there, as we say now-a-days.

As you know, the price of raw jute was fixed at Rs. 135 per quintal by the APC last year. Fortunately or unfortunately, I do not know, why the prices of the raw jute for the current season has not yet been fixed. Rs. 135 is absolutely unremunerative, and I would say that it should not be less than Rs. 200 per quintal. May I ask the hon. Minister whether he has taken the trouble of going into the cost structure of the production of jute? Would he now take the trouble of going into the production cost of Jute in West Bengal, Assam, Bihar and Orissa and find out how and why the price has been fixed at Rs. 135 per quintal?

I would like to say from my experience of West Bengal that though the price of raw jute was fixed at Rs. 135 per quintal, the jute growers were not getting it. Today, as we learn from the newspaper reports, the jute mill-owners of West Bengal are thinking in terms of declaring closures or layoffs in their mills, because according to them there is less availability or no availability of raw jute. They are purchasing raw jute from the market at Rs. 200 or 235 per quintal, while the jute growers were not getting even Rs. 135 per quintal. May I request the hon. Minister that he should review the entire position and break the monopoly of purchase of raw jute by the jute mill-owners. The Jute Corporation of India has proved ineffective in the matter of ensuring fair price to the jute growers or in respect of supplying adequate raw material to the jute mills. Out of a total production of 80 lakhs bales, as far as my information goes and the government statistics go the Jute Corporation of India could purchase only 6-7 lakhs bales. Almost an overwhelming quantity of raw jute was available in the free market and the middlemen and the mill owners purchased this raw jute at a relatively less price. In this respect, I only want to mention that the raw jute price has not increased in comparison with the price of the finished goods of jute. As far as my statistics go, it is amply proved that while the prices of finished raw jute goods in the international market increased by 190 to 290 per cent, the increase in the raw jute price has been not commensurate. In this connection I would like to compare the price of raw jute with raw cotton. As far as my information goes—I have no quarrel for cotton getting a remunerative price thanks to the Maharashtra Government which has made a great attempt to ensure fair price by taking up a programme of monopoly purchase of raw cotton, the cotton growers got a remunerative price and the price of raw cotton has increased by 100%. But earlier it was not so and it increased by driblets. But in the case of jute, the price remains to be stagnant and there is no mechanism to see that along with the increase in the prices of finished goods of jute, the raw jute price also goes up. There is no such mechanism. I feel in all fairness the government should reconsider the entire issue and fix a remunerative price for raw jute. In this connection, may I draw the attention of the hon. Minister to the report of a committee headed by Mr. Nirmal Chandra Sen set up by the United Front Ministry of West Bengal. That committee went into the enitre matter in all its aspects right from the point of jute grower to the point of price of finished goods. The committee made certain recommendations. May I request the hon. Minister to kindly go through that report which will help him to understand the whole problem of the jute industry in West Bengal better and do justice for the jute growers of these 4 or 5 States. I do not want to dilate much on this subject, but I would very much like to mention about the jute industry also.

Export has been on the increase so far as my figures go. The export has increased and the income out of exports has also increased. The income from export of finished jute goods has gone up from Rs. 2050 per tonne in 1965-66 to Rs. 4300 in 1975-76. Whereas the price of finished jute goods has almost doubled, the price of raw jute has not registered any remarkable increase. I think the Minister should look into the matter and take steps to see that the jute growers of the Eastern States get a remunerative price and also expand the network of purchasing centres of the Jute Corporation of India so that the jute growers can take their produce to the Jute Corporation and sell it to them.

About textile industry, I have only one thing to say. About the textile industry, there should be a rational textile policy. In a state of resorting to adhocism, in a state of taking certain measures in a peaceful manner, there should be a national and also rational approach. In the scheme of things, the question of the price of the raw cotton, question of the wages

for the workers, the question for the modernisation of the textile industry, the question of the problems of the handloom weavers and the elimination of conflict between the various segments of cotton textile industry are to be the main ingredients of development in national as well as rational textile policy of our country. In this connection I would say if the Governments' intervention is relaxed I think that kind of policy cannot be evolved. I would again say there are basis for nationalisation of these industries. Unless you nationalise jute industry, you will be waiting for the appetite of the captains of the industry. Therefore, I say instead of offering concessions after concessions, I have got a long list of concessions, instead of waiting for the appetite of the tycoons of the industry, Government should consider the case for the nationalisation of these two industries. I think Government should not fight shy of it. I hope the hon. Minister should take a note of it and in the interest of the two basic industries of the country rid them from oftrepeated crisis. Unless that is done, I think the national economy cannot be put on a sound footing.

श्री मोतीभाई आर० चौधरी (बनासकांठा) : माननीय सभापति जी, माननीय मंत्री जी जो ये मांगे लेकर इस हाउस में आए हैं, उन मांगों का मैं समर्थन करता हूं।

मैं दो तीन बातों पर खास तौर पर ध्यान आकर्षित करने के लिए खड़ा हुआ हूं। पहली बात तो मैं निर्यात नीति के बारे में कहना चाहता हूं और वह यह है कि इस देश में जिस चीज की कमी है, उस के निर्यात को कम किया जाए। खास कर इस देश में बेरोजगारी का सवाल बहुत बड़ा सवाल है और गांवों में काम देने के लिए पशुपालन का धंधा बेरोजगारी को कम करने की दिशा में बहुत उत्कृष्ट माना गया है। पशुओं के लिए जो खली होती है, उस का निर्यात करने से एक साल में दो से तीन गुना इसके दाम बढ़ गये हैं। इस बारे में इस सदन में बार बार माननीय मंत्री जी का ध्यान दिलाया गया है कि ऐसी चीजों का निर्यात बन्द होना अत्यन्त आवश्यक है। डेरी उद्योग के लिए यह अत्यन्त आवश्यक है कि इस का निर्यात बन्द किया जाए क्योंकि इस देश में सबसे ज्यादा पशु हम रखते हैं लेकिन दूध कम पैदा होता है। अधिक दूध के लिए पशुओं को अच्छा खाना मिलना चाहिए। इसलिए यह जरूरी है कि पशु आहार की जो चीजें हैं, उन को बाहर न भेजा जाए। मैं आशा करता हूं कि माननीय मंत्री जी इस पर पूरा ध्यान देंगे और पूरा-पूरा विचार करके ऐसी चीजों के निर्यात को बन्द कर देंगे।

ऐसे ही गरीबों के लिए प्याज अत्यन्त आवश्यक चीज है। अब इस का निर्यात कम किया गया है लेकिन ऐसी चीजों का निर्यात न हो, इस का ध्यान रखा जाए। आलू के दाम भी बहुत बढ़ गये हैं जिस की वजह से एक सामान्य आदमी इस को नहीं खा सकता। इस का निर्यात भी बन्द होना चाहिए।

एक माननीय सदस्य : केला भी।

श्री मोतीभाई आर० चौधरी : केला भी है। मैं सभी चीजों के बारे में कह रहा हूं। खाने की चीजें बाहर नहीं भेजी जानी चाहिए क्योंकि इस से यहां पर दाम बढ़ जाते हैं।

दूसरी बात यह है कि रूई को बाहर से मंगाना बंद करना चाहिए। हमारे देश में लम्ब तारी रूई इतनी पैदा हो सकती है कि हमारी आवश्यकताएं पूरी हो सक। लेकिन हमारी नीति ऐसी रहती है कि हम किसानों को मदद देने के बजाय बाहर से रूई मंगाते हैं। इसलिए मैं अनुरोध करता हू कि हमारे किसानों को सरकार ज्यादा से ज्यादा मदद दे जिससे ज्यादा से ज्यादा कपास वे पैदा करें। कपास बोने के मौसम के पहले सरकार रूई बाहर से नहीं मगायेगी। ऐसी नीति जारी करदे जिससे किसान ज्यादा एकड़ में कपास की खेती करें। सरकार रूई का आयात बिल्कुल बन्द कर दे। आशा है सरकार इसके लिए कुछ आवश्यक कदम उठायेगी।

[श्री मोतीभाई आर० चौधरी]

माननीय मंत्री जी ने बजट में सहकारी चीनी मिलों के बारे में अंशदान की रकम बढ़ाई है। इसे बीस करोड़ से बढ़ा कर सत्ताईस करोड़ कर दिया गया है। लेकिन शूगर मिलों की मांग तो बराबर बढ़ती रहेगी और हमारे गुजरात में तो इसके लिए सरकार की ओर से पूरा पैसा न होने की वजह से यह काम आगे नहीं चल पा रहा है। चार सहकारी शूगर कारखानों के लिए तो सरकार से मंजूरी भी नहीं मिली है। मैं आशा करता हूं कि सरकार ज्यादा से ज्यादा सहकारी चीनी कारखाने खोलेगी। मैं चाहता हूं कि सहकारी चीनी कारखाने काफी खुलें। राष्ट्रीयकरण के बजाय सहकारी चीनी कारखाने बनाये जाएं। अगर अधिक सहकारी चीनी कारखाने बनाये जाएंगे तो इससे राष्ट्रीयकरण का सवाल भी हल हो जाएगा और गन्ने की खेती भी बढ़ेगी। इससे देश में ज्यादा काम मिलेगा। देहातों में लोगों को काम मिलेगा। सरकारी (राष्ट्रीयकरण किये) चीनी मिलों के बजाय सहकारी चीनी कारखानों का ज्यादा से ज्यादा इंतजाम किया जाए। यह अच्छा रहेगा।

बहुत सी प्राइवेट कताई मिलें पुर्जे खराब होने की वजह से खराब पड़ी हैं। ये मिलें बढ़ती जाती हैं और सरकार के लिए इन सिक मिलों का एक पेचीदा सवाल पैदा हो गया है। इससे देश में बेरोजगारी का सवाल भी उठ खड़ा हुआ है। इस सम्बन्ध में मेरा कहना यह है कि अब तो बिजली गांव-गांव तक पहुंच गई है। स्पिनिंग मिलें यंत्र के बजाय गांव-गांव में अंबर चर्खे चलें। अम्बर चर्खे में बिजली लगा दी जाये और कताई का काम किया जाए। इससे देश में बेरोजगारी की समस्या भी हल होगी और बंद मिलों से सरकार के सामने जो समस्या खड़ी होती है वह भी नहीं होगी। इसलिए मैं अनुरोध करूंगा कि कताई मिलों के बजाय अम्बर चर्खे में बिजली लगा कर उस से कताई का काम लिया जाए। इसके लिए कोई योजना बननी चाहिये और सरकार को उसे चलाना चाहिए। जो पैसा सरकार इन कताई मिलों को देती है उसका उपयोग इस योजना में किया जाए।

काण्डला में फर्टिलाइजर का कारखाना है। फास्फोरिक एसिड की जो तंगी रही है उसको दूर करने के लिए फास्फोरिक एसिड का प्लांट काण्डला में रखने के बारे में सोचा गया है। इसके लिए साठ करोड़ रुपये की जरुरत है। इस बजट में एक लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। यह मामला सरकार के अभी भी विचाराधीन है। मैं अनुरोध करता हूं कि बाहर से करोड़ों रुपये की विदेशी मुद्रा खर्च करके जो खाद हम मंगाते हैं, उसे न मंगा कर देश में ही वह रकम खर्च की जाए और खाद कारखाना खोला जाये। फासफेटिक एसिड का प्लांट जल्दी से जल्दी लगना चाहिये, उसका काम जल्दी से जल्दी पूरा किया जाना चाहिये और इसके लिए काफी पैसा रखा जाना चाहिये। जितनी जल्दी इस को स्थापित कर दिया जाता है उतना ही ज्यादा देश को लाभ होगा, हमारा खाद्यान्न का उत्पादन बढ़ेगा और विदेशी मुद्रा की बचत होगी। और भी ज्यादा रकम का प्रावधान उसके लिए इस बजट में किया जाना चाहिये।

हैंडलूम के बारे में काफी कुछ कहा जा चुका है। मेरा कहना यह है कि बेरोजगारी और बेकारी को दूर करने का यही एक मात्र रास्ता है।

हैंडलूम्स को प्राथमिकता दी जानी चाहिये, इसको बढ़ावा दिया जाना चाहिये। तीस साल आजाद हुए हमारे देश को हो गए हैं लेकिन काम मांगने वालों को हम काम नहीं दे सके हैं, इस से ज्यादा लज्जा की बात कोई दूसरी नहीं हो सकती है। इस काम में तेजी लाई जानी चाहिये ताकि लोगों को रोजगार मिल सके। इसके अलावा हमारे पास कोई और चारा नहीं है। हाथ से चलने वाले उद्योग धंधों पर हमें ज्यादा से ज्यादा जोर

देना होगा और इनको बढ़ाना होगा। धोती साड़ी बनाने का काम इनके लिए रिजर्व कर दिया जाना चाहिये। एक मात्र यही रास्ता है बेकारी को दूर करने का। हथकरघों पर ज्यादा जोर दिया जाए, उनके लिए ज्यादा रकम का प्रावधान किया जाए। मैं आशा करता हूं कि इस ओर आप अवश्य ध्यान देंगे।

नैशनल लेबल की जो सहकारी संस्थायें देश में काम कर रही है, उनकी डेवलपमैंट में बढ़ावा मिलना चाहिये। एक नैशनल लेवल की सोसाइटी का किस्सा मैं जानता हूं एक मैनेजिंग डायरेक्टर जो नए रखे गए हैं उन्होंने बहुत अच्छा काम करके दिखाया है। जो फाजिल और गैर रीति कर्मचारी थे उनको उन्होंने निकाल दिया है। उद्योग मंत्रालय द्वारा अब उनको गलत ढंग से यह निकाले गये कर्मचारी फंसाने की कोशिश कर रहे हैं। इस तरह की बातों से आपको सावधान रहना चाहिये। आपको देखना चाहिये कि जो बेबुनियाद शिकायतें हैं वे न होने पाएं। और अच्छे काम करने वाले कर्मचारियों की कदर की बजाय सजा न हो। यह गैर रीति जो हुई है। यह नेशनल सोसाइटी में तीन साल से ऑडिट न हो पाया है। इससे गैर रीतियां करने वालों को उत्तेजना मिलती है। ऐसा न हो पाये इसलिये समय पर ऑडिट हो जाने का इन्तजाम होना चाहिये।

नेशनल सोसाइटीज का ऑडिट भी समय पर नहीं होता है। इस वजह से भी गैर कानूनी बातों को, गतिविधियों को, खर्चों को बढ़ावा मिलता है। हर साल उनका समय समय पर ऑडीट होना चाहिये। इसके बारे में भी आप देखें, इन शब्दों के साथ मैं इन अनुदानों की मांगों का समर्थन करता हूं।

SHRIMATI PARVATHI KRISHNAN (Coimbatore) : Mr. Chairman, Sir .....

SHRI VAYALAR RAVI: She is going to have the second chance.

SHRIMATI PARVATHI KRISHNAN: I won't have any chance if the hon. Members interrupt me in this fashion.

MR. CHAIRMAN: Sir, the first thing that I would like to refer here is this. This particular ministry is a sort of a package ministry. I would like to point out to the Minister that he liberalises the import policy which he is interoducing or which has been introduced, which is going to hit hard our indigenous industries, particularly, in the small-scale sector about which he is speaking day in and day out in various places from Poona to Delhi.

Encouraging the import policy is exactly going to hit this very vital sector of our country's economy because, if we are to achieve some measure of improving the standard of living and also of improving the general economy in the rural areas, then it is extremely important that some help and more attention should be given to the small scale industry.

We have 111 items of import being liberalised and 28 more items of machine tools have been put in the free licence. In addition to that, this emphasis on import liberalisation which is given in the present Janta Budget makes one worried because one feels that in the name of import all kinds of things will be brought into it. The foreign exchange reserves of Rs. 3,200 crores which we have will be squandered away.

Sir, the present Commerce Minister is a trusting minister. He wants to extent his trust to every section of humanity in our country, that is importers, traders, hoarders, black-marketeers, smugglers and the consumers. He trusts all of them. He trusts the consumers also and in turn wants the consumers to extend their trust to him.

12 Hrs.

Sir, my fear is that to those whom he is giving import licences will actually betray his trust in the same way those who got the import licences for edible oil, betrayed the trust which the Government placed on them. We know Sir, when the price of edible oil changed in the foreign countries, then many of the importers for edible oil were not used for importing edible oil but on the other hand certain mal-practices crept in. You will find a number of un-named accounts abroad as a result of the trust placed in those who said that they would import edible oil.

MR. CHAIRMAN : Mrs. Parvathi Krishnan, as you will take some more time you may continue your speech on Monday.

12.01 Hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Monday, June 27, 1977/Ashadh 6, 1899 (Saka).